रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-12032026-270893
CG-DL-E-12032026-270893

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 51] नई दिल्ली, बुधवार, मार्च 11, 2026/फाल्गुन 20, 1947
No. 51] NEW DELHI, WEDNESDAY, MARCH 11, 2026/PHALGUNA 20, 1947

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 मार्च, 2026

नियमावली

फा. सं.ए.12011/01/2026सीएचएस-I.—संबंधित मंत्रालयों/ विभागों, दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद् की सहमति से निम्नलिखित सेवाओं/पदों में रिक्तियों को भरने के उद्देश्य से संघ लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2026 में आयोजित की जाने वाली सम्मिलित चिकित्सा सेवा की प्रतियोगी परीक्षा नियमावली सामान्य सूचना हेतु प्रकाशित की जाती है:-

श्रेणी –I

केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा के सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी उप-संवर्ग में चिकित्सा अधिकारी ग्रेड

श्रेणी –II

(i) रेलवे में सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी।

(ii) नई दिल्ली नगर पालिका परिषद में सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी

(iii) दिल्ली नगर निगम में सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी ग्रेड-II

सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे इस नियमावली और इस नियमावली पर आधारित संघ लोक सेवा आयोग के परीक्षा नोटिस को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा इस परीक्षा का आयोजन इस नियमावली के परिशिष्ट-I में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

परीक्षा की तारीख (तारीखें) और परीक्षा के आयोजन का स्थान आयोग द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

2. उम्मीदवार उपर्युक्त सेवाओं/पदों में से किसी एक अथवा एक से अधिक में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार को अपने परीक्षा विशिष्ट मॉड्यूल में उन सेवाओं/पदों को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करना होगा जिनके लिए वे वरीयता क्रम में विचार किए जाने इच्छुक हों। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे जितनी वरीयता चाहें दे सकते हैं जिससे कि नियुक्त करते समय उनकी वरीयता पर उनके रैंक के अनुसार उचित विचार किया जा सके। अपनी वरीयताओं का उल्लेख करते समय उम्मीदवारों को सर्वप्रथम, निम्नांकित नियम 5 (क) तथा 5 (ख) की शर्तों के अनुसार दो श्रेणियों के पदों/ सेवाओं के लिए अपनी पात्रता को ध्यान में रखते हुए, श्रेणी-I तथा श्रेणी-II में से अपना विकल्प चुनना होगा। इसके बाद उम्मीदवार श्रेणी-II के अंतर्गत आने वाली सेवाओं/पदों के लिए भी अपनी वरीयताओं का उल्लेख करेंगे। आयोग द्वारा उम्मीदवारों की अनुशंसा परीक्षा विशिष्ट मॉड्यूल में उनके द्वारा दी गई श्रेणियों में दी गई वरीयता, योग्यताक्रम तथा रिक्तियों की संख्या के आधार पर की जाएगी।

(i) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नियम 5 (क) तथा 5 (ख) की शर्तों के अनुसार श्रेणियों तथा सेवाओं के लिए अपनी वरीयताएं देने से पहले ध्यानपूर्वक इन दोनों श्रेणियों के लिए अपनी पात्रता की जांच कर लें।

(ii) उम्मीदवार को एक बार संवर्ग आवंटित करने के बाद उसे बदलने के किसी भी अनुरोध को आयोग/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

3. परीक्षा के परिणाम के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी नोटिस में विनिर्दिष्ट की जायेगी।

अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा बेंचमार्क दिव्यांग श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए रिक्तियों का आरक्षण सरकार द्वारा निर्धारित रीति से किया जाएगा।

4. उम्मीदवार को या तो:-

(i) भारत का नागरिक होना चाहिए, या

(ii) नेपाल की प्रजा, या

(iii) भूटान की प्रजा, या

(iv) ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से 01 जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो, या

(v) कोई भारतीय मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देशों, कीनिया, उगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया, जांबिया, मालावी, जायरे तथा इथियोपिया या वियतनाम से प्रवर्जन कर आया हो:

परन्तु उपरोक्त ((ii), (iii), (iv) और (v) वर्गों के अन्तर्गत आने वाले उम्मीदवार के पास भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता (एलिजिबिलिटी) प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

जिस उम्मीदवार के मामले में पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक हो उसे परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है, किन्तु भारत सरकार द्वारा उसके संबंध में पात्रता प्रमाण-पत्र जारी कर दिए जाने के बाद ही उसको नियुक्ति प्रस्ताव भेजा जा सकता है।

5. (क) आयु-सीमा: इस परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार की आयु 01 अगस्त, 2026 को **32 (बत्तीस) वर्ष** से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 02 अगस्त, 1994 के पहले का नहीं होना चाहिए। हालांकि, केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा के सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी उप-संवर्ग में चिकित्सा अधिकारी ग्रेड के पदों के लिए आयु सीमा 01 अगस्त, 2026 को 35 (पैंतीस) वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(ख) अधिकतम आयु-सीमा में निम्नानुसार छूट दी जाती है

(i) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो तो अधिकतम पांच (5) वर्ष तक;

(ii) अन्य पिछड़े वर्गों के उन उम्मीदवारों के मामले में अधिकतम तीन (03) वर्ष तक जो ऐसे उम्मीदवारों के लागू आरक्षण को पाने के पात्र हैं;

(iii) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशान्तिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाही के दौरान दिव्यांग होने के फलस्वरूप सेवा से निर्मुक्त किए गए रक्षा कार्मिकों को अधिकतम तीन (03) वर्ष तक;

(iv) जिन भूतपूर्व सैनिकों (कमीशन प्राप्त अधिकारियों तथा आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/ अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने 01 अगस्त, 2026 को कम से कम पांच (05) वर्ष की सैनिक सेवा की है और जो (i) कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समाप्त होने पर कार्यमुक्त हुए हैं (इनमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल 01 अगस्त, 2026 से एक वर्ष के भीतर पूरा होना है) या (ii) सैनिक सेवा से हुई शारीरिक दिव्यांगता या (iii) अशक्तता के कारण कार्यमुक्त हुए हैं, उनके मामले में अधिकतम पांच (05) वर्ष तक;

(v) जिन आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों, आपातकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों ने 01 अगस्त, 2026 को कम से कम पांच (05) वर्ष की सैनिक सेवा पूरी कर ली है और जिनका कार्यकाल पांच (05) वर्ष से आगे भी बढ़ाया गया है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय एक प्रमाण-पत्र जारी करता है कि वे सिविल रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं और चयन होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त करने की तारीख से तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यभार से मुक्त किया जाएगा, उनके मामले में अधिकतम पांच (05) वर्ष तक

(vi) (क) दृष्टिहीन और अल्प दृष्टि (ख) बधिर और ऊंचा सुनने वाला (ग) लोकोमोटर दिव्यांगता, जिसके अंतर्गत प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, कुष्ठ रोग उपचारित, बौनापन, तेजाबी हमले से पीड़ित और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (घ) आटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता और मानसिक रोग (ड) बधिर-अंधता सहित खंड (क) से (घ) के अधीन दिव्यांगताओं में से बहु-दिव्यांगता से युक्त व्यक्तियों, के मामलों में अधिकतम दस (10) वर्ष तक।

टिप्पणी-I: अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित वे उम्मीदवार, जो उपर्युक्त नियम 5 (ख) के किन्हीं अन्य खंडों अर्थात, जो भूतपूर्व सैनिकों तथा दिव्यांग व्यक्तियों की श्रेणी के अंतर्गत आते हैं, वे दोनों श्रेणियों के अंतर्गत दी जाने वाली संचयी आयु सीमा-छूट प्राप्त करने के पात्र होंगे।

टिप्पणी II- प्रत्येक सेवा हेतु प्रकार्यात्मक वर्गीकरण (एफसी) और शारीरिक अपेक्षाओं (पीआर) का ब्यौरा इस नियमावली के परिशिष्ट IV में दिया गया है जो दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 33 और 34 के प्रावधानों के अनुसार संबंधित संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों (सीसीए) द्वारा निर्दिष्ट तथा निर्धारित किए गए है।

टिप्पणी III- भूतपूर्व सैनिक शब्द उन व्यक्तियों पर लागू होगा जिन्हें समय-समय पर यथासंशोधित भूतपूर्व सैनिक (सिविल सेवा और पदों में पुन: रोजगार) नियम, 1979 के अधीन भूतपूर्व सैनिक के रूप में परिभाषित किया जाता है।

टिप्पणी IV- उपर्युक्त नियम 5 (ख) (iv) तथा 5 (ख) (v) के अंतर्गत पूर्व सैनिकों को आयु संबंधी छूट स्वीकार्य होगी अर्थात् ऐसे व्यक्ति जिसने भारतीय संघ की सेना, नौसेना अथवा वायु सेना में कंबटेंट अथवा नॉन-कंबटेंट के रूप में किसी भी रैंक में सेवा की हो या जो ऐसी सेवा से सेवानिवृत्त हुआ हो या अवमुक्त हुआ हो या सेवा मुक्त हुआ हो; चाहे ऐसा वह अपने अनुरोध पर हुआ हो या पेंशन हेतु अर्हक सेवा पूरी करने के बाद नियोक्ता द्वारा अवमुक्त किया गया हो।

टिप्पणी V- उपर्युक्त नियम 5 (ख) (vi) के अन्तर्गत आयु में छूट के प्रावधान के बावजूद *बेंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवार* की नियुक्ति हेतु पात्रता पर भी विचार किया जा सकता है जब वह (सरकार या नियोक्ता प्राधिकारी, जैसा भी मामला हो, द्वारा निर्धारित शारीरिक परीक्षण के बाद) सरकार द्वारा *बेंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवारों* (पीडब्ल्यूबीड़ी) को आबंटित संबंधित सेवाओं/पदों के लिए निर्धारित शारीरिक एवं चिकित्सा मानकों की अपेक्षाओं को पूरा करता हो

'उपर्युक्त व्यवस्था को छोड़कर निर्धारित आयु-सीमा में किसी भी स्थिति में छूट नहीं दी जाएगी।'

(ग) आयोग जन्म की वह तारीख स्वीकार करता है जो मैट्रिकुलेशन या सैकेंडरी स्कूल लीविंग प्रमाण-पत्र या किसी भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा मैट्रिकुलेशन के समकक्ष माने गए प्रमाण-पत्र या किसी विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित मैट्रिकुलेटों के रजिस्टर में दर्ज की गई हो और यह उद्धरण विश्वविद्यालय के समुचित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित हो या उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या उसके सदृश परीक्षा प्रमाण-पत्र में दर्ज हो।

आयु के संबंध में कोई अन्य दस्तावेज जैसे जन्म कुण्डली, शपथ-पत्र, नगर निगम से प्राप्त जन्म सम्बन्धी उद्धरण और सेवा अभिलेख तथा उन जैसे प्रमाण स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

अनुदेशों के इस भाग में आए मैट्रिकुलेशन/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाण-पत्र वाक्यांश के अन्तर्गत उपर्युक्त वैकल्पिक प्रमाण-पत्र सम्मिलित हैं।

टिप्पणी 1:-उम्मीदवारों को ध्यान में रखना चाहिए कि आयोग जन्म की उसी तारीख को स्वीकार करेगा जो कि आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की तारीख को मैट्रिकुलेशन/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण-पत्र में दर्ज है और बाद में उसमें परिवर्तन के किसी अनुरोध पर न तो विचार किया जाएगा और न ही स्वीकार किया जाएगा।

टिप्पणी 2:- उम्मीदवार यह भी ध्यान रखें कि उनके द्वारा किसी परीक्षा में प्रवेश के लिए जन्म की तारीख एक बार ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में प्रस्तुत कर देने और आयोग द्वारा उसे अपने रिकॉर्ड में दर्ज कर लेने के बाद उसमें या आयोग की अन्य किसी परीक्षा में किसी भी आधार पर परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

6. परीक्षा में प्रवेश के लिए उम्मीदवार को एम.बी.बी.एस. की फाइनल परीक्षा के लिखित तथा प्रायोगिक भागों में उत्तीर्ण होना चाहिए।

टिप्पणी 1: वह उम्मीदवार भी आवेदन कर सकता है जिसने फाइनल एम.बी.बी.एस परीक्षा दे दी है या जिसको अभी देनी है। यदि ऐसे उम्मीदवार अन्यथा पात्र हों तो उन्हें उक्त परीक्षा में प्रवेश दे दिया जाएगा परंतु उनका प्रवेश नियम 9 (क)(ii) में निर्धारित समय-सीमा के भीतर फाइनल एम.बी.बी.एस. परीक्षा के लिखित तथा प्रायोगिक भागों को उत्तीर्ण करने का प्रमाण प्रस्तुत करने के अध्यधीन अनन्तिम रहेगा।

अर्हक परीक्षा उतीर्ण करने के केवल वैध प्रमाण अर्थात् डिग्री प्रमाण-पत्र/अंतिम वर्ष की अंकतालिका/अनंतिम डिग्री प्रमाण-पत्र आदि जो कि सामान्यतः सक्षम प्राधिकारी द्वारा उम्मीदवारों को जारी किए जाते हैं, स्वीकार किए जाएंगे।

टिप्पणी 2: उक्त परीक्षा में प्रवेश के लिए ऐसे उम्मीदवार भी शैक्षिक रूप से पात्र है जिन्हें अभी अनिवार्य रोटेटिंग इंटर्नशिप पूरी करनी है, किंतु चयन हो जाने पर उन्हें अनिवार्य रोटेटिंग इंटर्नशिप पूरी करने के बाद ही नियुक्त किया जाएगा।

7. उम्मीदवार को आयोग के नोटिस में निर्धारित शुल्क अवश्य देना होगा।

8. वे सभी उम्मीदवार जो सरकारी सेवा में अनियत या दैनिक दर कर्मचारियों से इतर स्थायी या अस्थायी हैसियत से या कार्य प्रभारित कर्मचारियों की हैसियत से काम कर रहे हैं अथवा जो सरकारी उद्यमों में कार्यरत हैं, उन्हें यह परिवचन (अन्डरटेकिंग) प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने लिखित रूप से अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है।

उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि यदि आयोग को उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने/परीक्षा में बैठने से सम्बद्ध अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन पत्र अस्वीकृत किया जा सकता है/उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जा सकती है।

9. किसी उम्मीदवार का आवेदन स्वीकार करने और परीक्षा में प्रवेश के लिए उसकी पात्रता या अपात्रता के संबंध में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

परीक्षा में आवेदन करने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वे परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हैं। परीक्षा के उन सभी स्तरों, जिसके लिए आयोग में उन्हें प्रवेश दिया गया है अर्थात् लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार परीक्षण में उनका प्रवेश पूर्णत: अनन्तिम होगा तथा उनके द्वारा निर्धारित पात्रता की शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन होगा। यदि लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार परीक्षा के पहले या बाद में सत्यापन करने पर यह पता चलता है कि वह पात्रता की किन्हीं शर्तों को पूरा नहीं करते हैं तो आयोग द्वारा परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

(9) (क) पंजीकरण एवं ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र:

(9(क)(i) सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन करना होगा तथा जन्म तिथि, श्रेणी [अर्थात् अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी/भूतपूर्व-सैनिक], शैक्षणिक योग्यता, आदि संबंधी विभिन्न दावों के लिए आयोग द्वारा यथापेक्षित सूचना और सहयोगी दस्तावेज समान आवेदन प्रपत्र (सीएएफ) के साथ प्रस्तुत करने होंगे। प्रपत्र भरने के लिए विस्तृत अनुदेशों हेतु सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा 2026 के नोटिस का संदर्भ लिया जाए। यूनिवर्सल पंजीकरण संख्या (यूआरएन) विवरण, समान आवेदन प्रपत्र (सीएएफ) और परीक्षा विशिष्ट प्रपत्र अपेक्षित सूचना/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा के लिए उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

नोट: उम्मीदवार यह भी नोट करें कि यूनिवर्सल ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र एक बार जमा करने के बाद किसी भी स्थिति में कुछ जोड़ने/हटाने/किसी तरह का परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। **तथापि, आयोग उम्मीदवारों को एक बार अपने यूनिवर्सल पंजीकरण संख्या (यूआरएन) विवरण को अद्यतन या संशोधित करने की सुविधा प्रदान करता है। कृपया ध्यान रखें कि यूआरएन विवरण में किए गए बदलाव, पहले से जमा हो चुके आवेदनों में दिखाई नहीं देंगे। अद्यतन सूचना केवल उन आवेदनों पर लागू होगी जो उम्मीदवार द्वारा आवश्यक बदलाव करने और यूआरएन विवरण को सफलतापूर्वक पुनः लॉक करने के बाद जमा किए गए हैं।**

9(a)(ii) आयोग, सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2026 के **लिखित भाग के परिणाम की घोषणा के बाद 15 (पंद्रह) दिन** के लिए एक विंडो प्रदान करेगा। व्यक्तित्व परीक्षण/साक्षात्कार हेतु अर्हक सभी उम्मीदवारों को इस विंडो के दौरान अनिवार्य रूप से (https://upsconline.nic.in) पर लॉग इन करना होगा तथा अपने अपेक्षित क्षेत्रों अर्थात विवरण/शैक्षणिक योग्यता की स्थिति (स्टेटस) (क्या शामिल हो रहे हैं/शामिल हो चुके हैं) को भरने/अद्यतन करने के साथ अपेक्षित अर्हक परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण भी देना होगा, और अपने दावे के प्रमाण के रूप में संबंधित दस्तावेज अपलोड करने होंगे। ऐसा न करने पर उम्मीदवारों को परीक्षा के आगे के चरणों में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और आयोग इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं करेगा।

टिप्पणी-1: उपर्युक्त पैरा के अतिरिक्त, उम्मीदवारों को (जहां लागू हो) पत्र-व्यवहार/स्थायी डाक पता, उच्च शैक्षणिक योग्यता, विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि (यदि कोई हो), रोजगार विवरण/सेवा अनुभव, पूर्व/पिछली सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा (परीक्षा के आधार पर आबंटित हुई सेवा का विवरण (यदि कोई हो), वैवाहिक स्थिति, पूर्व में पीडब्ल्यूबीडी अनुशंसा संबंधी विवरण, माता-पिता का विवरण, विवर्जन संबंधी सूचना, पूर्व परीक्षा प्रयासों का विवरण, अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस अनुबंध (जहां कहीं लागू हो), को अद्यतन करना होगा और अपना ऑन-लाइन आवेदन प्रपत्र (ओएएफ) प्रस्तुत करना होगा।

टिप्पणी-2: जिन उम्मीदवारों ने अपेक्षित दस्तावेज/जानकारी पहले अपलोड कर दी है और उनके पास अद्यतन करने/भरने के लिए कोई जानकारी नहीं है, उन्हें भी लॉगिन करना होगा और विवरण को सत्यापित करने के उपरांत अंतिम रूप से जमा करना होगा ताकि व्यक्तित्व परीक्षण के लिए ई-समन पत्र/प्रवेश पत्र जेनरेट हो सके।

नोट-3: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आगे की जानकारी के लिए नियमित रूप से आयोग की वेबसाइट देखें।

10. किसी भी उम्मीदवार को आयोग द्वारा जारी किए गए प्रवेश-पत्र के बिना परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा।

11(1). जो उम्मीदवार निम्नांकित कदाचार का दोषी है या आयोग द्वारा दोषी घोषित हो चुका है:-

(क) निम्नलिखित तरीकों से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया है, अर्थात्:

(i) गैरकानूनी रूप से परितोषण की पेशकश करना, या

(ii) दबाव डालना, या

(iii) परीक्षा आयोजित करने से संबंधित किसी व्यक्ति को ब्लैकमेल करना या ब्लैकमेल करने की धमकी देना,

अथवा

(ख) किसी अन्य उम्मीदवार के बदले परीक्षा देना,

अथवा

(ग) किसी अन्य व्यक्ति को अपनी जगह परीक्षा देने के लिए तैयार करना,

अथवा

(घ) जाली प्रमाण-पत्र या ऐसे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना जिसमें तथ्य को बिगाड़ा गया हो,

अथवा

(ङ) आवेदन प्रपत्र में वास्तविक फोटो/हस्ताक्षर के स्थान पर असंगत या गलत फोटो/हस्ताक्षर अपलोड करना।

(च) गलत या झूठे वक्तव्य देना या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाना,

अथवा

(छ) परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में निम्नलिखित साधनों का उपयोग करना, अर्थात्:

(i) गलत तरीके से प्रश्न-पत्र की प्रति प्राप्त करना;

(ii) परीक्षा से संबंधित गोपनीय कार्य से जुड़े व्यक्तियों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करना;

(iii) परीक्षकों को प्रभावित करना; या

(ज) परीक्षा के दौरान उम्मीदवार के पास अनुचित साधनों का पाया जाना अथवा अपनाया जाना;

अथवा

(झ) उत्तर पुस्तिकाओं पर असंगत बातें लिखना या भद्दे रेखाचित्र बनाना अथवा असंगत बातें लिखना,

अथवा

(ञ) परीक्षा भवन में दुर्व्यवहार करना जिसमें उत्तर पुस्तिकाओं को फाड़ना, परीक्षा देने वालों को परीक्षा का बहिष्कार करने के लिए उकसाना अथवा अव्यवस्था तथा ऐसी ही अन्य स्थिति पैदा करना शामिल है;

अथवा

(ट) परीक्षा के संचालन के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान करना या धमकी देना या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाना;

अथवा

(ठ) परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन (चाहे वह स्विच ऑफ ही क्यों ना हो), पेजर या किसी अन्य प्रकार का इलैक्ट्रॉनिक उपकरण या प्रोग्राम किए जा सकने वाला डिवाइस या पेन ड्राइव जैसा कोई स्टोरेज मीडिया, स्मार्ट वॉच इत्यादि या कैमरा या ब्लूटूथ डिवाइस या कोई अन्य उपकरण या संचार यंत्र के रूप में प्रयोग किए जा सकने वाला कोई अन्य संबंधित उपकरण, चाहे वह बंद हो या चालू, का प्रयोग किया जाना या उनके पास पाया जाना;

अथवा

(ड) परीक्षा की अनुमति देते हुए उम्मीदवार को भेजे गए प्रमाण-पत्रों के साथ जारी आदेशों का उल्लंघन करना;

अथवा

(ढ) उपर्युक्त खंडों में विनिर्दिष्ट सभी अथवा किसी भी कार्य, जैसा भी मामला हो, को करने या करने के लिए उकसाने का प्रयत्न किया हो,;

तो उस पर समय-समय पर यथा-संशोधित लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 के अंतर्गत यथोचित कानूनी कार्रवाई किए जाने के अतिरिक्त उसे आयोग द्वारा इस नियमावली के अन्तर्गत आयोजित परीक्षा जिसका वह उम्मीदवार है, में बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जाएगा और/अथवा उसे स्थायी रूप से अथवा विनिर्दिष्ट अवधि के लिए:

(i) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिए विवर्जित किया जाएगा।

(ii) केन्द्रीय सरकार द्वारा उसके अधीन किसी भी नौकरी से विवर्जित किया जाएगा।

और यदि वह सरकार के अधीन पहले से ही सेवा में है तो उसके विरुद्ध उपर्युक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है;

किन्तु शर्त यह है कि इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक:

(i) उम्मीदवार को इस संबंध में लिखित अभ्यावेदन जो वह देना चाहे, प्रस्तुत करने का अवसर न दिया जाए, और

(ii) उम्मीदवार द्वारा अनुमत समय में प्रस्तुत अभ्यावेदन यदि कोई हो, पर विचार न कर लिया जाए।

(2) कोई भी व्यक्ति, जो आयोग द्वारा उक्त खंड (क) से (ड) में उल्लिखित कुकृत्यों में से किसी कुकृत्य को करने में किसी अन्य उम्मीदवार के साथ मिलीभगत या सहयोग का दोषी पाया जाता है, उसके विरुद्ध समय-समय पर यथा-संशोधित लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 के अंतर्गत उपर्युक्त खंड (ढ) के प्रावधानों के अनुसार यथोचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

12. जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में आयोग द्वारा अपने विवेक से निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेते हैं, उन्हें आयोग द्वारा व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

किंतु यह कि यदि आयोग का यह मत हो कि अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जन–जातियों या अन्य अन्य पिछड़े वर्गों या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग या बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए सामान्य मानकों के आधार पर इन जातियों के पर्याप्त उम्मीदवार व्यक्तिगत परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाए जा सकते हैं तो आयोग अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजतियों या अन्य पिछड़े वर्गों के उम्मीदवारों को इनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए सामान्य मानकों में छूट देकर व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए बुला सकता है।

13. (1) साक्षात्कार के उपरांत, आयोग, उम्मीदवारों की रैंकिंग/वरीयताओं तथा रिक्तियों के आधार पर दो अलग-अलग मेरिट सूचियां तैयार करेगा एक सूची श्रेणी-I के लिए होगी, जिसमें केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी उप-संवर्ग में चिकित्सा अधिकारी ग्रेड के पद शामिल होंगे और दूसरी सूची श्रेणी-II के लिए होगी, जिसमें गैर-सीएचएस के पद शामिल होंगे (अर्थात् रेल मंत्रालय, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, दिल्ली नगर निगम)। परिणाम तैयार करने हेतु आयोग, परीक्षा में प्रत्येक उम्मीदवार को अंतिम तौर पर प्रदान किए गए कुल अंकों के आधार पर उम्मीदवारों की सूची तैयार करेगा। तत्पश्चात, आयोग उम्मीदवारों द्वारा दी गई वरीयता के आधार पर दोनों श्रेणियों के लिए अलग-अलग योग्यताक्रम में उम्मीदवारों की अनुशंसा करेगा। इस परीक्षा के आधार पर अनारक्षित रिक्तियों के लिए उम्मीदवारों की अनुशंसा के प्रयोजन से आयोग, केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा तथा अन्य शेष सेवाओं/ पदों की अनारक्षित रिक्तियों के संदर्भ में अलग-अलग अर्हक अंक (जिसे आगे सामान्य अर्हक मानदंड कहा जाएगा) निर्धारित करेगा। इस परीक्षा के आधार पर अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तथा बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के आरक्षित उम्मीदवारों को आरक्षित रिक्तियों हेतु अनुशंसित करने के प्रयोजन से आयोग इनमें से प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत भरी जाने वाली आरक्षित रिक्तियों की संख्या के संदर्भ में अर्हता मानदंडों में रियायत दे सकता है।

बशर्ते कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन-जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति से संबंधित उम्मीदवार जिन्होंने परीक्षा के किसी स्तर पर पात्रता या चयन मानदंडों में किसी भी प्रकार की रियायत या छूट का उपयोग नहीं किया है तथा वे उम्मीदवार जो आयोग द्वारा सामान्य अर्हक मानकों के आधार पर अनुशंसा के लिए योग्य पाए गए हैं, को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, अन्य पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए अनुशंसित नहीं किया जाएगा, बल्कि इन्हें आयोग द्वारा प्रथमत: अनारक्षित रिक्तियों के लिए अनुशंसित किया जाएगा।

टिप्पणी-1: बेंचमार्क दिव्यांगता श्रेणी के तहत आने वाले पात्र उम्मीदवारों को उपलब्ध स्क्राइब और प्रतिपूरक समय की सुविधा तथा मेडिकल फिटनेस के संबंध में ऐसे उम्मीदवारों की दिव्यांगता, जिससे वे पीड़ित हैं, को छूट/रियायत नहीं माना जाएगा।

(2) सेवा आबंटन के समय, श्रेणी-II में सेवाओं/पदों के लिए अनारक्षित रिक्तियों के लिए अनुशंसित किए गए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, अन्य पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों से संबंधित उम्मीदवारों को सरकार द्वारा आरक्षित रिक्तियों के तहत समायोजित किया जा सकता है यदि इस प्रक्रिया के जरिये वे अपने वरीयता क्रम में उच्चतर विकल्प की सेवा प्राप्त करते हैं।

(3) श्रेणी-II के अंतर्गत आने वाली सेवाओं/पदों की योग्यता-क्रम सूची तैयार करने के लिए आयोग सामान्य अर्हता मानदंडों को और भी कम कर सकता है ताकि इस नियम के प्रावधानों के अनुसार प्रक्रिया से उत्पन्न शेष अनारक्षित रिक्तियों पर नियुक्ति हेतु उम्मीदवारों की कमी न हो और आरक्षित रिक्तियों के लिए उम्मीदवार आवश्यकता से अधिक न हों, इसे ध्यान में रखते हुए आयोग, उप-नियम (4) तथा (5) में यथानिर्धारित विधि से अपनी अनुशंसा कर सकता है।

(4) (क) (1) श्रेणी-II के अंतर्गत आने वाली सेवाओं/पदों हेतु उम्मीदवारों की अनुशंसा करते समय आयोग, प्रथमत: केवल श्रेणी-II की रिक्तियों की कुल संख्या को ध्यान में रखेगा। अनुशंसित उम्मीदवारों की इस कुल संख्या में से उस संख्या को घटाया जाएगा जितनी संख्या में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तथा बेंचमार्क दिव्यांगता वाली श्रेणी के ऐसे उम्मीदवार इन पदों हेतु सामान्य अर्हक मानदंडों के बराबर या इससे अधिक मेरिट प्राप्त करेंगे, जिन्होंने उप नियम (1) के प्रावधानों के तहत पात्रता या चयन मानदंडों में किसी भी प्रकार की रियायत या छूट का लाभ नहीं लिया हो।

(4) (क) (2) उप-नियम (4)(क)(I) में परिभाषित पद्धति का प्रयोग करते हुए, उन पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए रिक्ति (यों) को सुरक्षित रखने हेतु यथोचित विचार किया जाए जिनकी आरक्षित सूची से अनुशंसित होने की संभावना है तथा यदि अपेक्षित हो तो उप-नियम (4)(क)(I) के अनुसार कटौती करने के साथ-साद अनुशंसित उम्मीदवारों की कुल संख्या को उपयुक्त रूप से कम कर दिया जाएगा।

(4) (ख) केवल श्रेणी-II की सेवाओं/पदों हेतु अनुशंसित उम्मीदवारों की सूची के साथ-साथ आयोग, उम्मीदवारों की एक समेकित आरक्षित सूची भी तैयार करेगा, जिसमें अनारक्षित, आरक्षित श्रेणियों तथा पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी में से प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत अंतिम अनुशंसित उम्मीदवार के बाद योग्यताक्रम में आने वाले उम्मीदवार शामिल होंगे। आयोग द्वारा तैयार की गई समेकित आरक्षित सूची उप-नियम 5 के मामलों में सिफारिशों की प्रक्रिया के अंतिम निष्कर्ष निकलने तक गोपनीय रखी जाएगी। इनमें से प्रत्येक श्रेणी के उम्मीदवारों की संख्या आरक्षित श्रेणी के उन उम्मीदवारों की संख्या के बराबर होगी जिन्हें उप-नियम (1) तथा उप-नियम **(4) (क) (2)** के आलोक में अनारक्षित रिक्ति (यों) के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या में कटौती, यदि कोई हो, के अनुसार पहली सूची में पात्रता में या चयन मापदंड में बिना किसी छूट या रियायत के शामिल किया गया था।

(4) (ग) समेकित आरक्षित सूची में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों की प्रत्येक श्रेणी से आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों की संख्या, उप-नियम 4(क)(1) और 4(क)(2) के अनुसार प्रथमतः उम्मीदवारों की अनुशंसा करते समय प्रत्येक श्रेणी में कम किए गए उम्मीदवारों की संबंधित संख्या के बराबर होगी।

(5) उप-नियम (4) में दिए गए प्रावधानों के अनुसार अनुशंसित उम्मीदवारों को सरकार द्वारा श्रेणी-II की सेवाएं/पद और वे सेवाएं आबंटित की जाएंगी जहां कुछ रिक्तियों को अभी भी भरा जाना शेष है। सरकार वहाँ आरक्षित सूची में से योग्यता क्रम में प्रत्येक वर्ग में भरी जाने वाली रिक्तियों के प्रयोजन हेतु अपेक्षित संख्या में उम्मीदवारों की अनुशंसा करते हुए आयोग को अधियाचना प्रेषित कर सकती है।

नोट: आरक्षित सूची, उम्मीदवारों के कार्यभार ग्रहण नहीं करने, चिकित्सकीय रूप से अनफिट पाए जाने, कुछ सेवाओं के लिए चिकित्सीय रूप से फिट नहीं पाए जाने के कारण चयनित नहीं होने, त्याग-पत्र देने या अन्य कारणों से उत्पन्न होने वाली रिक्तियों को भरने के प्रयोजनार्थ तैयार की जाने वाली प्रतीक्षा सूची नहीं है। आयोग, आरक्षित सूची जारी करने के लिए ऐसी रिक्तियों पर विचार नहीं करेगा।

(6) आयोग द्वारा श्रेणी-I के अंतर्गत कोई समेकित आरक्षित सूची तैयार नहीं की जाएगी क्योंकि उपरोक्त उप नियम (2), (3), (4) तथा (5) के प्रावधान, श्रेणी-I के अंतर्गत आने वाले उम्मीदवारों के आबंटन के मामले में लागू नहीं होते।

14. आयोग बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए नियम 11 और 12 में विनिर्दिष्ट न्यूनतम अर्हक अंकों में अपने विवेकानुसार छूट प्रदान कर सकता है।

15. किसी उम्मीदवार को परिणाम की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग अपने विवेकानुसार करेगा तथा आयोग परिणाम के बारे में किसी भी उम्मीदवार से पत्राचार नहीं करेगा।

16. इन नियमों में उल्लिखित अन्य उपबंधों के अध्यधीन सफल उम्मीदवारों की नियुक्ति पर आयोग द्वारा उनकी योग्यता के क्रम से तैयार की गई सूची और इनके द्वारा अपने आवेदन पत्रों में विभिन्न पदों के लिए निर्दिष्ट की गई वरीयता के आधार पर विचार किया जाएगा।

17. परीक्षा में सफल होने मात्र से नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होता जब तक आवश्यक जांच के बाद सरकार इस बात से संतुष्ट न हो कि उम्मीदवार अपने चरित्र और पूर्ववृत्त के आधार पर उक्त सेवा में नियुक्ति के लिए सर्वथा उपयुक्त है। उम्मीदवार की नियुक्ति उसके अनिवार्य रोटेटिंग इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूरी कर लेने के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी के संतुष्ट होने के अध्यधीन होगी।

18. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें ऐसी कोई भी शारीरिक कमी नहीं होनी चाहिए जो उक्त सेवा के अधिकारी के रूप में कार्य करने में बाधक सिद्ध हो सके। सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी जैसी भी स्थिति हो द्वारा निर्धारित इस प्रकार की शारीरिक परीक्षा में जो उम्मीदवार इन अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं कर पाता है, उसकी नियुक्ति नहीं होगी। उम्मीदवारों की शारीरिक/चिकित्सा परीक्षण से संबंधित विनियम नियमावली के परिशिष्ट-III में दिए गए हैं। चिकित्सा परीक्षण के लिए एक मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट प्रारूप परिशिष्ट - VIII में दिया गया है।

सभी उम्मीदवार, जो परीक्षा के लिखित भाग के आधार पर साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण के लिए अर्हता प्राप्त कर लेते हैं, उन्हें सामान्यत: संबंधित उम्मीदवार के साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण के दिन के तत्काल बाद अगले कार्य-दिवस को चिकित्सा परीक्षण करवाना होगा (शनिवार, रविवार व अवकाश के दिनों में कोई चिकित्सा परीक्षण नहीं होगा)। उम्मीदवार की छाती के एक्स-रे सहित,चिकित्सा परीक्षण की व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, कर्त्तव्य भवन-१, नई दिल्ली द्वारा किया जाएगा तथा इस संबंध में संबंधित उम्मीदवार को मंत्रालय द्वारा इसकी सूचना दे दी जाएगी। यदि किसी उम्मीदवार को उसके स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था के संबंध में अपने साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण के लिए निकलने से पूर्व कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है तो उसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में संबंधित अधिकारी से अपने साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण पूर्ण होने के तत्काल पश्चात व्यक्तिगत रूप से संपर्क करना चाहिए। संबंधित उम्मीदवार को अपने स्वास्थ्य परीक्षण के पूरा होने तक दिल्ली में ठहरना होगा। इसलिए उम्मीदवार को इस तथ्य को ध्यान में रखते हुये स्वास्थ्य परीक्षण की औपचारिकता को पूरा करने के उद्देश्य से दिल्ली में अपने रहने की व्यवस्था का स्वयं प्रबंध कर लेना चाहिए। स्वास्थ्य परीक्षण के लिए निर्धारित तारीख को किसी भी परिस्थिति में बढ़ाया या बदला नहीं जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण की औपचारिकता को पूरा करने के लिए संबंधित उम्मीदवार को कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।

नियुक्ति हेतु फिट पाए जाने के लिए उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए तथा उसमें ऐसी कोई शारीरिक कमी नहीं हो जिसके कारण, सेवा के अधिकारी के रूप में उनके कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा आने की संभावना हो। ऐसा उम्मीदवार, जो सरकार अथवा नियुक्ति प्राधिकारी, जैसा भी मामला हो, द्वारा निर्धारित ऐसे चिकित्सा परीक्षण के बाद इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है, की नियुक्ति नहीं की जाएगी। ऐसा उम्मीदवार जिसके मामले में चिकित्सीय फिटनेस की दृष्टि से कुछ सेवाओं के संबंध में विचार नहीं किया गया है और उनकी बारी आने पर कोई रिक्ति शेष नहीं रहती है, उस उम्मीदवार को ऐसी कोई सेवा आबंटित नहीं की जाएगी जिसके लिए वह फिट नहीं है चाहे वहां रिक्तियां उपलब्ध हो। जिन उम्मीदवारों को परिशिष्ट-।।। में निर्दिष्ट चिकित्सा मानकों के अनुसार चिकित्सकीय रूप से अनफिट घोषित किया गया है, उन पर आबंटन प्रक्रिया में विचार नहीं किया जाएगा।

19. बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों पर उनके लिए आरक्षित रिक्तियों हेतु विचार किए जाने के लिए उनकी दिव्यांगता चालीस प्रतिशत (40%) या उससे अधिक होनी चाहिए। तथापि, ऐसे उम्मीदवारों से परिशिष्ट IV में उल्लिखित शारीरिक अपेक्षाओं/क्षमताओं, में से एक या अधिक जो संबंधित सेवाओं/पदों में कार्य-निष्पादन हेतु आवश्यक हो, पूरी करने की अपेक्षा की जाएगी।

20. बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित रिक्तियों का लाभ उठाने के मामले में पात्रता की शर्तें वही होंगी, जो "दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016" के अंतर्गत निर्धारित हैं। बहु दिव्यांगता वाले उम्मीदवार, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 34 (1) के अंतर्गत केवल श्रेणी (ड.)- बहु दिव्यांगता के तहत आरक्षण के पात्र होंगे। ऐसे उम्मीदवार, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 34 (1) के तहत श्रेणी (क) से (घ) के अंतर्गत 40% तथा इससे अधिक दिव्यांगता होने के आधार पर, किसी अन्य दिव्यांगता श्रेणी के तहत आरक्षण के पात्र नहीं होंगे।

किंतु यह भी कि बेंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवारों को शारीरिक अपेक्षाओं/कार्यात्मक वर्गीकरण (सक्षमताओं/अक्षमताओं) के संबंध में उन विशेष पात्रता मापदंडों को पूरा करना भी अपेक्षित होगा जो इसके संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा निर्धारित चिह्नित सेवा/पद के अपेक्षाओं के अनुरूप हों। शारीरिक अपेक्षाओं तथा कार्यात्मक वर्गीकरण वाली सेवाओं की एक सूची परिशिष्ट – IV में प्रदान की गई है।

21. किसी भी उम्मीदवार को समुदाय संबंधी आरक्षण का लाभ उसकी जाति को केंद्र सरकार द्वारा जारी आरक्षित समुदाय संबंधी सूची में शामिल किए जाने पर ही मिलेगा। उम्मीदवार, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों हेतु आरक्षण का लाभ लेने के लिए पात्र तभी माना जाएगा जब वह केंद्र सरकार द्वारा जारी मानदंडों को पूरा करता हो तथा उसके पास इस प्रकार की पात्रता का प्रमाण पत्र हो।

सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2026 के लिए आवेदन करने वाले अ.पि.व. श्रेणी के उम्मीदवारों को वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24, तथा 2024-25 की आय के आधार पर अ.पि.व. (नॉन-क्रीमी लेयर) प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा जो 01.04.2025 (वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति के उपरांत) को/के पश्चात् जारी हुआ हो परंतु सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा-2026 के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख अर्थात 31.03.2026 के बाद का न हो।

यदि कोई उम्मीदवार सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा के अपने प्रपत्र में यह उल्लेख करता है कि वह अनारक्षित श्रेणी से संबंधित है लेकिन बाद में अपनी श्रेणी को आरक्षित सूची की श्रेणी में तब्दील करने के लिए आयोग को लिखता है तो आयोग द्वारा ऐसे अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवार द्वारा एक बार आरक्षण श्रेणी चुन लिए जाने पर अन्य आरक्षित श्रेणी में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध अर्थात् अ.जा. को अ.ज.जा., अ.ज.जा. को अ.जा., अ.पि.व. को अ.जा./अ.ज.जा. या अ.जा./अ.ज.जा.को अ.पि.व., अनुसूचित जाति को आर्थिक रूप से कमजोर, आर्थिक रूप से कमजोर को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को आर्थिक रूप से कमजोर, आर्थिक रूप से कमजोर को अनुसूचित

जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग को आर्थिक रूप से कमजोर, आर्थिक रूप से कमजोर को अन्य पिछड़ा वर्ग में परिवर्तित करने पर विचार नहीं किया जाएगा। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा अंतिम परिणाम की घोषणा कर दिए जाने के उपरांत परीक्षा के प्रत्येक चरण पर सामान्य मेरिट के आधार पर अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों से भिन्न आरक्षित श्रेणी के किसी भी उम्मीदवार को उसकी आरक्षित श्रेणी से अनारक्षित श्रेणी में परिवर्तन (उनके अनुरोध पर या उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर आयोग/सरकार द्वारा यथानिर्धारित) करने अथवा अनारक्षित श्रेणी की रिक्तियों (संवर्ग) के लिए दावा करने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे उम्मीदवारों द्वारा सामान्य मानदण्डों के आधार पर अर्हता प्राप्त नहीं करने के मामले में उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

इसके अलावा, बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) की किसी भी उप-श्रेणी के उम्मीदवार को अपनी दिव्यांगता की उप-श्रेणी को बदलने की अनुमति नहीं जाएगी।

यद्यपि सामान्य रूप से उपर्युक्त सिद्धांत का पालन किया जाएगा, तथापि ऐसे कुछ मामले हो सकते हैं जहां किसी विशेष समुदाय को किसी आरक्षित समुदाय की सूची में शामिल करने के लिए सरकारी अधिसूचना जारी होने और उम्मीदवार द्वारा आवेदन जमा करने की तिथि के बीच 3 महीने से अधिक का अंतर न हो। ऐसे मामलों में सामान्य से आरक्षित श्रेणी में परिवर्तन के अनुरोध पर आयोग द्वारा योग्यता के आधार पर विचार किया जा सकता है। यदि दुर्भाग्यवश कोई उम्मीदवार परीक्षा प्रक्रिया के दौरान बेंचमार्क रूप से दिव्यांग हो जाता है, तो उस उम्मीदवार को वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने चाहिए, जिसमें यह दर्शाया गया हो कि उसकी दिव्यांगता, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत यथापरिभाषित 40% या उससे अधिक है, ताकि वह बेंचमार्क रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए निर्धारित आरक्षण का लाभ प्राप्त कर सके।

22. अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस/बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति/पूर्व सैनिकों के लिए उपलब्ध आरक्षण/रियायत के लाभ के इच्छुक उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वे नियमावली/नोटिस में विहित पात्रता के अनुसार ऐसे आरक्षण/रियायत के हकदार हैं। ऐसे लाभों के लिए नियमावली/नोटिस में यथानिर्दिष्ट किए अनुसार, उम्मीदवारों के पास अपने दावे के समर्थन में विहित प्रारूप में सभी अपेक्षित वैध प्रमाण-पत्र सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा 2026 के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख तक मौजूद होने चाहिए। (सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 15 जून, 2017 अनुबंध – III के प्रपत्र V से प्रपत्र-VII तक (जैसा लागू हो) के अनुसार बेंचमार्क रूप से दिव्यांग उम्मीदवारों द्वारा दिव्यांगता प्रमाण-पत्र का निर्धारित प्रारूप जमा किया जाना चाहिए)

सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2026 का उम्मीदवार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आरक्षण का लाभ उठाने का पात्र तभी माना जाएगा यदि वह केन्द्र सरकार द्वारा जारी मानदण्डों को पूरा कर रहा हो और उसके पास वित्तीय वर्ष 2024-2025 की आय के आधार पर अपेक्षित आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र मौजूद हो तथा यह प्रमाण-पत्र 01.04.2025 को/के पश्चात् (वित्तीय वर्ष 2024-25 के समाप्त होने के उपरांत) जारी हुआ हो परंतु सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा 2026 हेतु आवेदन करने की अंतिम तारीख अर्थात् 31.03.2026 के बाद जारी नहीं हुआ हो ।

23. जिस व्यक्ति ने:-

(क) ऐसे व्यक्ति से विवाह या विवाह का अनुबन्ध किया हो, जिसका पति/पत्नी जीवित हो, या

(ख) जीवित पति/पत्नी के रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह या विवाह का अनुबन्ध किया है, तो वह उक्त सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा:

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार, इस बात से सन्तुष्ट हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति तथा विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अनुसार स्वीकार्य है और ऐसे करने के अन्य कारण भी हैं तो वह किसी भी व्यक्ति को इस नियम से छूट दे सकती है।

24. इस परीक्षा के माध्यम से जिन सेवाओं हेतु भर्ती की जा रही है उनका संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट-II में दिया गया है।

25. **'अंकों का पूर्णांकन' तथा 'टाई-ब्रेकिंग सिद्धांत':**

अंकों के पूर्णांकन से संबंधित प्रावधान, जहां भी लागू हों तथा अंक संबंधी टाई के मामलों के समाधान हेतु सिद्धांत निम्नानुसार होंगे :-

(क) अंकों का पूर्णांकन :

परीक्षा के सभी चरण (चरणों) में, उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों को मानक पूर्णांकन सिद्धांत लागू करते हुए, जहाँ भी लागू हो, दो दशमलव अंकों तक पूर्णांकित किया जाएगा। तदनुसार, 'टाई ब्रेकिंग सिद्धांतों' को लागू करते समय, टाई के सभी मामलों को हल करने के लिए दो दशमलव अंकों तक पूर्णांकित अंकों पर विचार किया जाएगा।

(ख) टाई-ब्रेकिंग सिद्धांत:

(i) यदि कुल अंक (अंतिम अंक) बराबर हैं, तो लिखित परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को उच्चतर रैंक दी जाएगी;

(ii) यदि उपरोक्त (i) में अंक समान हैं, तो आयु में वरिष्ठ उम्मीदवार को उच्चतर रैंक दी जाएगी; तथा

(iii) यदि जन्मतिथि भी समान हो, तो इंटर्नशिप पहले पूर्ण करने वाले उम्मीदवार को उच्चतर रैंक दी जाएगी;

(iv) जिन मामलों में उपर्युक्त टाई-ब्रेकिंग सिद्धांतों का प्रयोग करने के पश्चात भी टाई की स्थिति बनी रहती है तब उनका समाधान आयोग के विवकानुसार किया जाएगा।

परिशिष्ट- I

परीक्षा की योजना

यह परीक्षा निम्नलिखित योजना के अनुसार संचालित होगी:-

भाग-I

लिखित परीक्षा: (500 अंक)

उम्मीदवारों के लिए लिखित परीक्षा में दो प्रश्न पत्र होंगे और प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए अधिकतम 250 अंक होंगे। प्रत्येक प्रश्न पत्र दो घंटों की अवधि का होगा ।

भाग-II

व्यक्तित्व परीक्षण: (100 अंक)

लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों का **100 अंकों** का व्यक्तित्व परीक्षण होगा।

(क) लिखित परीक्षा :

1. दो प्रश्न पत्रों के घटक और पाठ्यक्रम तथा दोनों प्रश्न पत्रों में विभिन्न घटकों का वेटेज निम्नानुसार है :

प्रश्न पत्र -I **अधिकतम अंक : 250**

(कोड नं. 1)

सामान्य चिकित्सा एवं बाल चिकित्सा

प्रश्न पत्र -I में कुल प्रश्न =120 (96 सामान्य चिकित्सा तथा 24 बाल चिकित्सा से)

प्रश्न पत्र - I का पाठ्यक्रम

(क) सामान्य चिकित्सा में निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) हृदय रोग विज्ञान
(ii) श्वसन रोग
(iii) जठरांत्र
(iv) जनन – मूत्रीय
(v) तंत्रिका विज्ञान
(vi) रुधिर रोग विज्ञान
(vii) अंत: स्रावविज्ञान
(viii) उपापचयी विकार
(ix) संक्रमण/संचारी रोग
  (क) वायरस
  (ख) रिकेट्स

(ग) बैक्टीरियल

(घ) स्पाइरोकेटल

(ङ) प्रोटोजोआ जनित

(च) मेटाजोआ जनित

(छ) फंगस

(x) पोषण/विकास

(xi) चर्म रोग (त्वचा रोग विज्ञान)

(xii) पेशी कंकाल तंत्र

(xiii) मनोरोग चिकित्सा

(xiv) सामान्य

(xv) आपातकालीन चिकित्सा (एमरजेंसी मेडिसिन)

(xvi) सामान्य विषाक्तता (कॉमन पॉयजनिंग)

(xvii) सर्पदंश

(xviii) ट्रॉपिकल मेडिसिन

(xix) क्रिटिकल केयर मेडिसिन

(xx) चिकित्सकीय पद्धतियों पर बल (एंफेसिस ऑन मेडिकल प्रोसीजर्स)

(xxi) रोगों का पैथो-फिजियोलोजिकल आधार

(xxii) टीकों के जरिए रोके जा सकने वाले रोग (वैक्सीन प्रीवेंटेबल डिजीजेस) तथा टीकों के जरिए न रोके जा सकने वाले रोग (नॉन- वैक्सीन प्रीवेंटेबल डिजीजेस)

(xxiii) विटामिन की कमी से होने वाले रोग

(xxiv) मनोरोगविज्ञान, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं- अवसाद (डिप्रेशन), मनोविकृति (साइकोसिस), दुश्चिंता (एंग्जाइटी), बाइपोलर रोग तथा मनोविदलता (स्किजोफ्रेनिया)

(ख) बाल चिकित्सा में निम्नलिखित शामिल हैं :-

(i) शैशवकाल की सामान्य आपात स्थितियां (कॉमन चाइल्डहुड एमरजेंसी),

(ii) नवजात शिशुओं की बुनियादी देखभाल (बेसिक न्यूबॉर्न केयर),

(iii) विकासक्रम के सामान्य चरण (नॉर्मल डेवलपमेंटल माइलस्टोन्स),

(iv) बच्चों के मामले में दुर्घटनाएं और विषाक्तता (एक्सीडेंट एंड पॉयजनिंग इन चिल्ड्रन),

(v) जन्मजात विकृतियां तथा काउंसलिंग, जिसमें ऑटिज्म शामिल है,

(vi) बच्चों का टीकाकरण,

(vii) विशेष देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान और संबंधित प्रबंध, तथा

(viii) शिशु स्वास्थ्य से संबंधित राष्ट्रीय कार्यक्रम।

<u>प्रश्न पत्र-II</u> **अधिकतम अंक : 250**

(कोड नं. 2)

क) शल्य चिकित्सा

(ख) स्त्रीरोग-विज्ञान तथा प्रसूति-विज्ञान

(ग) निवारक तथा सामाजिक चिकित्सा

प्रश्नपत्र-II में कुल प्रश्न = 120 (प्रत्येक भाग में से 40 प्रश्न)

<u>प्रश्न पत्र-II का पाठ्यक्रम</u>

(क) शल्य चिकित्सा

(शल्य चिकित्सा, जिसमें कान नाक गला, नेत्ररोग विज्ञान, ट्रॉमेटॉलोजी और अस्थिरोग विज्ञान शामिल हैं)

I. सामान्य शल्य चिकित्सा

(i) घाव

(ii) संक्रमण

(iii) ट्यूमर

(iv) लिंफैटिक

(v) रक्त वाहिका

(vi) सिस्ट/साइनस

(vii) सिर और गर्दन

(viii) वक्ष

(ix) पोषण नाल

(क) ग्रासनली

(ख) उदर

(ग) आंत

(घ) मलद्वार

(ङ) विकासात्मक

(x) यकृत, पित्त, अग्न्याशय

(xi) तिल्ली (स्प्लीन)

(xii) पर्युदर्या (पेरिटोनियम)

(xiii) उदरीयभित्ति (एब्डोमिनल वॉल)

(xiv) उदरीय घाव (एब्डोमिनल इंजरी)

II मूत्ररोग शल्यचिकित्सा

III तंत्रिका शल्यचिकित्सा

IV कान-नाक-गला रोग विज्ञान

V वक्ष शल्य चिकित्सा

VI अस्थि रोग शल्य चिकित्सा

VII नेत्र रोग विज्ञान

VIII संशाहरण विज्ञान (एनेस्थीजियोलॉजी)

IX ट्रॉमैटोलॉजी

X शल्य चिकित्सा संबंधी सामान्य रोगों का निदान और प्रबंधन (डायग्नोसिस एंड मैनेजमेंट ऑफ कॉमन सर्जिकल एलमेंट्स)

XI शल्य चिकित्सा वाले रोगियों की ऑपरेशन से पहले और ऑपरेशन के बाद देखभाल

XII शल्य चिकित्सा से जुड़े मेडिको लीगल और नैतिक मुद्दे (मेडिकोलीगल एंड एथिकल इशूज ऑफ सर्जरी)

XIII घाव भरना (वूंड हीलिंग)

XIV सर्जरी में तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट प्रबंधन

XV शॉक पैथो-फिजियोलॉजी और प्रबंधन

(ख) प्रसूति-विज्ञान तथा स्त्रीरोग-विज्ञान

I. प्रसूति विज्ञान

(i) प्रसव-पूर्व अवस्थाएं

(ii) प्रसवकालीन अवस्थाएं

(iii) प्रसवोत्तर अवस्थाएं

(iv) सामान्य प्रसव या जटिल प्रसव का प्रबंधन

II. स्त्री रोग विज्ञान

(i) अनुप्रयुक्त शरीर रचना विज्ञान संबंधी प्रश्न

(ii) रजोधर्म तथा गर्भाधान के अनुप्रयुक्त शरीर क्रिया विज्ञान संबंधी प्रश्न

(iii) जननांग पथ में संक्रमण संबंधी प्रश्न

(iv) जननांग पथ में सूजन संबंधी प्रश्न

(v) गर्भाशय विस्थापन संबंधी प्रश्न

(vi) सामान्य प्रसव तथा सुरक्षित प्रसव प्रक्रिया

(vii) जोखिमपूर्ण गर्भावस्था तथा उसका प्रबंधन

(viii) गर्भपात

(ix) अंतर्गर्भाशयी विकास में बाधा

(x) बलात्कार सहित प्रसूति एवं स्त्रीरोग में चिकित्सा विधिक जांच

III. परिवार नियोजन

(i) परम्परागत गर्भनिरोधक

(ii) यू.डी. और खाने की गोलियां

(iii) शल्यक्रिया कार्यविधि, बंध्याकरण और शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आयोजन

(iv) चिकित्सीय गर्भपात

(ग) निवारक सामाजिक तथा सामुदायिक चिकित्सा

I सामाजिक तथा सामुदायिक चिकित्सा

II स्वास्थ्य, रोग और निवारक चिकित्सा की संकल्पना

III स्वास्थ्य प्रबंधन तथा योजना

IV सामान्य महामारी विज्ञान

V जनांकिकी और स्वास्थ्य आंकड़े

VI संचारी रोग

VII पर्यावरणीय स्वास्थ्य

VIII पोषण तथा स्वास्थ्य

IX गैर-संचारी रोग

X व्यावसायिक स्वास्थ्य

XI आनुवंशिकी तथा स्वास्थ्य

XII अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य

XIII चिकित्सीय समाज-विज्ञान तथा स्वास्थ्य शिक्षा

XIV मातृ तथा शिशु स्वास्थ्य

XV राष्ट्रीय कार्यक्रम

XVI सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं का प्रबंधन

XVII राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की निगरानी करने की क्षमता

XVIII मातृ एवं शिशु कल्याण संबंधी ज्ञान

XIX कुपोषण तथा आकस्मिकताओं सहित सामुदायिक स्वास्थ्य समस्याओं को पहचानने, अन्वेषण करने, रिपोर्ट करने, योजना बनाने और प्रबंधन करने की योग्यता।

2. दोनों प्रश्न पत्रों में लिखित परीक्षा पूर्णत: वस्तुनिष्ठ (बहुविकल्पीय उत्तरों सहित) स्वरूप की होगी। प्रश्न पत्र (परीक्षण पुस्तिका) केवल अंग्रेजी में तैयार किए जाएंगे।

3. <u>परीक्षा के लिए सामान्य निर्देश:</u>

3.1 उम्मीदवारों को प्रश्नों के उत्तर स्वयं लिखने होंगे। किसी भी परिस्थिति में उन्हें उत्तर लिखने के लिए स्क्राइब की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। तथापि, दृष्टिहीन, लोकोमोटर दिव्यांगता (दोनों हाथ प्रभावित-बीए) और प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात श्रेणियों के अंतर्गत बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार स्क्राइब की सुविधा प्राप्त करने के पात्र होंगे। आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की धारा 2 (आर) के अंतर्गत यथापरिभाषित बेंचमार्क दिव्यांगता की अन्य श्रेणियों के उम्मीदवार, परिशिष्ट-V पर दिए गए प्रपत्र के अनुसार किसी सरकारी स्वास्थ्य संस्था के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल

सर्जन/चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने पर स्क्राइब की सुविधा प्राप्त करने के पात्र होंगे कि संबंधित उम्मीदवार लिखने में शारीरिक रूप से अक्षम है तथा उसकी ओर से परीक्षा में लिखने के लिए स्क्राइब की सेवाएं लेना अनिवार्य है।

इसके अतिरिक्त, विशिष्ट दिव्यांगता वाले वे व्यक्ति जो आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की धारा 2 (एस) की परिभाषा के तहत शामिल हैं, परंतु उक्त अधिनियम की धारा 2 (आर) की परिभाषा के तहत शामिल नहीं हैं अर्थात् 40% से कम दिव्यांगता वाले व्यक्ति जिन्हें लिखने में कठिनाई होती है, परिशिष्ट-VII में दिए प्रपत्र के अनुसार किसी सरकारी स्वास्थ्य संस्था के सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए जाने पर कि संबंधित उम्मीदवार की लेखन क्षमता प्रभावित है तथा उसकी ओर से परीक्षा में लिखने के लिए स्क्राइब की सेवाएं लेना अनिवार्य है पर ही स्क्राइब की सुविधा प्राप्त करने के पात्र होंगे ।

3.2 अपना स्क्राइब लाने या आयोग को इसके लिए अनुरोध करने संबंधी विवेकाधिकार उम्मीदवार को है। स्क्राइब का विवरण अर्थात अपना या आयोग का और यदि उम्मीदवार अपना स्क्राइब लाना चाहते हैं, तो तत्संबंधी विवरण ऑनलाइन आवेदन करते समय परिशिष्ट-VI (40% या उससे अधिक दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के लिए) तथा परिशिष्ट- IX (उम्मीदवारों की दिव्यांगता 40% से कम है और जिनकी लेखन क्षमता प्रभावित है) के प्रपत्र में मांगा जाएगा ।

3.3 स्वयं के अथवा आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए स्क्राइब की योग्यता परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता मानदंड से अधिक नहीं होगी। तथापि, स्क्राइब की योग्यता सदैव मैट्रिक अथवा इससे अधिक होनी चाहिए।

3.4 दृष्टिहीन, लोकोमोटर दिव्यांगता (दोनों हाथ प्रभावित – बीए) और प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात श्रेणियों के अंतर्गत बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार परीक्षा के प्रत्येक घंटे में बीस मिनट प्रतिपूरक समय प्राप्त करने के पात्र होंगे। बेंचमार्क दिव्यांगता की अन्य श्रेणियों के उम्मीदवार, परिशिष्ट–V पर दिए गए प्रपत्र के अनुसार किसी सरकारी स्वास्थ्य संस्था के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ सिविल सर्जन /चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने पर यह सुविधा प्राप्त करने के पात्र होंगे कि संबंधित उम्मीदवार लिखने में शारीरिक रूप से अक्षम है।

इसके अतिरिक्त, विशिष्ट दिव्यांगता वाले वे व्यक्ति जो आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की धारा 2(एस) की परिभाषा के तहत शामिल हैं, परंतु उक्त अधिनियम की धारा 2 (आर) की परिभाषा के तहत शामिल नहीं हैं अर्थात् 40% से कम दिव्यांगता वाले व्यक्ति जिन्हें लिखने में कठिनाई होती है, परिशिष्ट VII में दिए गए प्रपत्र के अनुसार किसी सरकारी स्वास्थ्य संस्था के सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए जाने पर कि संबंधित उम्मीदवार की लेखन क्षमता प्रभावित है, प्रतिपूरक समय प्राप्त करने के पात्र होंगे।

3.5 पात्र उम्मीदवारों द्वारा मांग किए जाने पर उन्हें स्क्राइब की सुविधा तथा/या प्रतिपूरक समय प्रदान किया जाएगा।

टिप्पणी (1) : किसी स्क्राइब की पात्रता की शर्तें और परीक्षा हाल में उसका आचरण तथा वह सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा के उत्तर लिखने में पात्र उम्मीदवार (उपरोक्त यथापरिभाषित) की किस प्रकार और किस सीमा तक सहायता कर सकता/सकती है, इन सब बातों का नियमन संघ लोक सेवा आयोग द्वारा इस संबंध में जारी अनुदेशों के अनुसार किया जाएगा। इन सभी या इन में से किसी एक अनुदेश का उल्लंघन होने पर संघ लोक सेवा आयोग उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द करने के अतिरिक्त स्क्राइब के विरुद्ध अन्य कार्रवाई भी कर सकता है।

टिप्पणी (2): दृष्टि बाधिता का प्रतिशत निर्धारित करने के लिए मानदंड निम्नानुसार होंगे:-

बेहतर आंख **बेस्ट करेक्टेड**	**खराब आंख** **बेस्ट करेक्टेड**	**दिव्यांगता प्रतिशत**	**दिव्यांगता श्रेणी**
6/6 से 6/18	6/6 से 6/18	0%	0
	6/24 से 6/60	10%	0
	6/60 से 3/60 से कम	20%	I
	3/60 से कम से कोई प्रकाश अवबोधन नहीं	30%	II (एक आँख वाला व्यक्ति)
6/24 से 6/60 अथवा फिक्सेशन के सेंटर के चारों ओर 20 डिग्री तक दृश्य क्षेत्र 40 से कम या मैक्युला सहित होमिनायापिआ	6/24 से 6/60	40%	III क (अल्प दृष्टि)
	6/60 से 3/60 से कम	50%	III ख (अल्प दृष्टि)
	3/60 से कम से कोई प्रकाश अवबोधन नहीं	60%	III ग (अल्प दृष्टि)
6/60 से 3/60 से कम अथवा फिक्सेशन के सेंटर के चारों ओर दृश्य क्षेत्र 20 से कम 10 डिग्री तक	6/60 से 3/60 से कम	70%	III घ (अल्प दृष्टि)
	3/60 से कम से कोई प्रकाश अवबोधन नहीं	80%	III ड़ (अल्प दृष्टि)
3/60 से 1/60 तक से कम अथवा फिक्सेशन के सेंटर के चारों ओर दृश्य क्षेत्र 10 डिग्री से कम	3/60 से कम से कोई प्रकाश अवबोधन नहीं	90%	IV क (दृष्टिहीनता)
केवल एचएमसीएफ केवल प्रकाश अवबोधन कोई प्रकाश अवबोधन नहीं	केवल एचएमसीएफ केवल प्रकाश अवबोधन कोई प्रकाश अवबोधन नहीं	100%	IV ख (दृष्टिहीनता)

टिप्पणी (3): दृष्टिहीन/अल्प दृष्टि उम्मीद्वार को दी जाने वाली छूट मायोपिया से पीड़ित उम्मीदवारों को देय नही होगी।

4. आयोग अपने विवेकाधिकार से परीक्षा के लिए एक या सभी विषयों के अर्हता अंक निर्धारित कर सकता है।

5. गलत उत्तरों के लिए दंड की व्यवस्था:

वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र में उम्मीदवार द्वारा गलत उत्तर अंकित किए जाने पर दंडस्वरूप नेगेटिव मार्किंग की जाएगी।

(i) प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प हैं। यदि एक प्रश्न का उत्तर उम्मीदवार द्वारा गलत दिया जाता है तो उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों में से **एक तिहाई** अंक दंड स्वरूप काट लिए जाएंगे।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है तो उसे **गलत उत्तर** माना जाएगा चाहे दिया गया उत्तर ठीक ही क्यों न हो तथा उस प्रश्न के लिए भी दंड यथोपरि ही होगा।

(iii) यदि कोई प्रश्न खाली छोड़ दिया जाता है, अर्थात उम्मीदवार उसका कोई उत्तर नहीं देता है तो उस प्रश्न के लिए **दंड नहीं** दिया जाएगा।

6. वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नपत्रों में उत्तर देने के लिए उम्मीदवारों को कैलकुलेटर के प्रयोग की अनुमति नहीं है। अत: वे परीक्षा हॉल के अंदर कैलकुलेटर न लाएं।

7. सीएमएसई के दोनों प्रश्न पत्र एमबीबीएस स्तर के होंगे।

(ख) <u>व्यक्तित्व परीक्षण–(100 अंक):</u>

जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त कर लेते हैं उन्हें संघ लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण 100 अंकों का होगा।

व्यक्तित्व परीक्षण/साक्षात्कार को, उम्मीदवारों के सामान्य ज्ञान तथा उनके अपने शैक्षिक क्षेत्र में उनकी योग्यता आंकने के लिए लिखित परीक्षा का पूरक माना जाएगा। इसके साथ-साथ व्यक्तित्व परीक्षण के अंतर्गत उम्मीदवार की बौद्धिक जिज्ञासा, समग्र रूप से समझ कर विश्लेषण करने की क्षमता, निर्णय संतुलन तथा मानसिक सजकता, सामाजिक सामंजस्य की क्षमता, चारित्रिक सत्यनिष्ठा, पहल और नेतृत्व क्षमता का भी आकलन किया जाएगा।

परिशिष्ट –II

इस परीक्षा के माध्यम से जिन सेवाओं में/पदों पर भर्ती की जा रही है, उनका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैं-

I. रेलवे में सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी

(क) भारतीय रेल चिकित्सा सेवा के अंतर्गत सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी (एडीएमओ) का पद समूह "क" के कनिष्ठ वेतनमान में वेतन मेट्रिक्स के स्तर - 10 (56,100-1,77,500/- रु) में है और इस पद पर समय-समय पर लागू नियमावली/आदेशों के अनुसार गैर-प्रैक्टिस भत्ता देय होता है। निजी प्रैक्टिस प्रतिबंधित है। उम्मीदवार, रेल मंत्रालय अथवा किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा, उनकी निजी प्रैक्टिस को सीमित अथवा प्रतिबंधित करने के संबंध में समय-समय पर जारी सभी आदेशों को मानने के लिए बाध्य होगा।

(ख) उम्मीदवार को एक वर्ष की परिवीक्षावधि पर नियुक्त किया जाएगा जिसे सरकार द्वारा आवश्यक समझे जाने पर आगे बढ़ाया जा सकता है। परिवीक्षा अवधि संतोषजनक ढंग से पूरी होने पर उम्मीदवार भारतीय रेल स्वास्थ्य सेवा के कनिष्ठ वेतनमान में नियमितीकरण हेतु पात्र हो जाएंगे।

(ग) परिवीक्षाधि के दौरान परिवीक्षाधीन अधिकारियों की नियुक्ति भारतीय रेल स्थापना कोड, खंड- I के नियम 301(3) की शर्तों के अनुसार दोनों पक्षों में से किसी भी पक्ष की ओर से एक महीने का लिखित नोटिस देकर समाप्त की जा सकती है।

किंतु इस प्रकार के नोटिस की आवश्यकता संविधान के अनुच्छेद 311 के खंड (2) के उपबंधों के अनुसार अनुशासनिक कार्रवाई के कारण सेवा से बर्खास्तगी या सेवा से हटाए जाने या मानसिक अथवा शारीरिक अशक्तता के कारण की जाने वाली अनिवार्य सेवानिवृति के मामलों मे नहीं होगी।

(घ) उम्मीदवार को रेल मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा और सभी विभागीय परीक्षाओं में उत्तीर्ण होना पड़ेगा।

(ङ) उम्मीदवार सरकार के आदेशानुसार दिनांक 01-01-2004 से लागू 'अंशदायी पेंशन पद्धति' द्वारा नियंत्रित होगा।

(च) उम्मीदवार, अपने स्तर के अन्य अधिकारियों पर समय-समय पर लागू छुट्टी के नियमों के अनुसार छुट्टी के हकदार होंगे।

(छ) उम्मीदवार, समय-समय पर प्रवर्तित नियमों के अनुसार नि:शुल्क रेलवे पास और विशेष टिकट आदेशों का पात्र होगा।

(ज) उम्मीदवार को परिवीक्षा की अवधि के दौरान अनुमोदित स्तर की हिंदी की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी और परीक्षा उत्तीर्ण न करने की स्थिति में उसकी सेवा समाप्त की जा सकती है।

(झ) नियमों के अंतर्गत, उपर्युक्त पद पर नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति को अपेक्षित होने पर किसी रक्षा सेवा में या भारत की रक्षा से संबंधित किसी भी पद पर कम से कम चार वर्ष की अवधि के लिए काम करना होगा है जिसमें प्रशिक्षण पर व्यतीत अवधि, यदि कोई हो, शामिल है:

किंतु यह कि उस व्यक्ति को:-

(क) ऐसी नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

(ख) सामान्यतया 45 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

(ञ) उपरोक्त विनिर्दिष्ट मामलों और अन्य मामलों के संबंध में उम्मीदवार, भारतीय रेल स्थापना संहिता और समय-समय पर यथासंशोधित/ जारी नियमों के अधीन कार्य करेगा।

(ट) शुरुआत में उम्मीदवार बुनियादी पाठ्यक्रम प्रशिक्षण प्राप्त करेगा और बुनियादी पाठ्यक्रम को पूरा कर लेने के उपरांत उसे विभिन्न स्टेशनों पर रेलवे स्वास्थ्य इकाइयों/औषधालयों में भी तैनात किया जा सकता है। एडीएमओ को किसी भी रेलवे में स्थानांतरित किया जा सकता है।

(ठ) उच्चतर ग्रेडों से संबद्ध वेतनमान तथा भत्तों सहित पदोन्नति की संभावनाएं रेलवे चिकित्सा सेवा भर्ती नियमावली, 2000 तथा रेल मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों तथा अनुदेशों के प्रावधानों के अनुसार होगी।

(ड) कर्तव्य और दायित्व:

सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी :

(i) वह प्रतिदिन और आवश्यक होने पर अंत:रोगी वार्डों और बाह्य रोगी चिकित्सा विभाग का कार्य देखेगा।

(ii) वह लागू विनियमों के अनुसार उम्मीदवार और सेवारत कर्मचारियों की शारीरिक जांच करेगा।

(iii) वह अपने अधिकार क्षेत्र में परिवार कल्याण, लोक स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी कार्यों की देखरेख करेगा

(iv) वह वेंडरों की जांच करेगा।

(v) वह अस्पताल के स्वास्थ्य इकाई कर्मचारियों में अनुशासन और कर्तव्यों के समुचित पालन के लिए उत्तरदायी होगा।

(vi) वह अपनी विशेषज्ञता से संबद्ध कार्य, यदि कोई हो, करेगा और अपनी विशेषज्ञता से संबंधित विवरणियां और मांग-पत्र तैयार करेगा।

(vii) वह अपने प्रभार में उपलब्ध सभी उपकरणों का रख-रखाव और देखभाल करेगा।

टिप्पणी 1: जब सहा.मं.चि.अ. किसी प्रभाग के मुख्यालय में सीएमएस/अतिरिक्त सीएमएस/एमएस इंचार्ज के प्रभार के अधीन नियुक्त किया जाता है तो वह सीएमएस/अतिरिक्त सीएमएस/एमएस इंचार्ज के सभी कर्तव्यों में उसे सहायता प्रदान करेगा किंतु उसको विशेष रूप से कुछ कार्य और दायित्व भी सौंपे जा सकते हैं।

टिप्पणी 2: सहा.मं.चि.अ. को समय-समय पर सौंपे गए अन्य कर्तव्य भी पूरे करने होंगे।

II. केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा के सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी उप-संवर्ग में चिकित्सा अधिकारी ग्रेड:

(क) पद अस्थायी हैं किंतु उनके अनिश्चितकाल तक जारी रहने की संभावना है। उम्मीदवारों को कनिष्ठ ग्रुप 'क' वेतनमान में नियुक्त किया जाएगा और नियुक्ति की तारीख से दो वर्ष की अवधि तक वे परिवीक्षा के अधीन रहेंगे। यह अवधि सक्षम प्राधिकारी के विवेक से घटाई या बढ़ाई जा सकती है। परिवीक्षा अवधि की संतोषजनक समाप्ति के बाद उनको स्थायी किया जाएगा।

(ख) उम्मीदवारों को, केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल होने वाले देशभर के किसी भी संगठन के अंतर्गत किसी भी औषधालय अथवा अस्पताल में भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है। प्रयोगशाला तथा परामर्शदाता प्रैक्टिस सहित हर प्रकार की निजी सेवा (प्रैक्टिस) प्रतिबंधित है।

(ग) केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा (सीएचएस) के चिकित्सा अधिकारी को वेतन मेट्रिक्स के स्तर – 10 (56,100 रु से 1,77,500/-) का वेतनमान तथा सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशानुसार एनपीए देय होगा और पदोन्नति के अवसर, सीएचएस नियमावली, 2014 के तहत किए गए प्रावधानों, और सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों तथा अनुदेशों के अनुसार प्राप्त होंगे।

III. नई दिल्ली नगरपालिका परिषद में सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी

(क) वेतन मेट्रिक्स का स्तर-10 (56,100-1,77,500/-रु.)+ सीमित गैर- प्रैक्टिस भत्ता (एनपीए)।

(ख) समय-समय पर परिषद में लागू किए गए पेंशन, उपदान, स्थायीकरण आदि से संबधित साधारण नियम लागू होंगे।

(ग) उम्मीदवार नियुक्ति की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे जिसे सक्षम प्राधिकारी के विवेकाधिकार पर बढ़ाया जा सकेगा । परिवीक्षा अवधि के संतोषजनक रूप से पूर्ण होने पर वे स्थायी रिक्ति पर नियमित होने तक अस्थायी रूप से कार्य करते रहेंगे ।

(घ) उम्मीदवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के क्षेत्राधिकार के अधीन किसी भी अस्पताल/औषधालय/एमएंडसी तथा परिवार कल्याण केंद्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि में कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

(ड) किसी भी प्रकार की निजी प्रैक्टिस प्रतिबंधित है।

(च) परिवीक्षा अवधि के दौरान दोनों में से किसी पक्ष द्वारा एक महीने के सूचना नोटिस पर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद सूचना (नोटिस) के बदले में एक महीने के वेतन का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(छ) जीडीएमओ, वेतन मेट्रिक्स स्तर-11 (67700-208700/-रू) के अंतर्गत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के पद पर तथा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के पद से वेतन मेट्रिक्स स्तर -12 (78800-209200/-रू) के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद से वेतन मेट्रिक्स स्तर – 13 (118500-214100/-रु) के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी (गैर-प्रकार्यात्मक चयन ग्रेड) के पद पर तथा वेतन मेट्रिक्स स्तर – 14 (144200-218200/-रु.) के अंतर्गत वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में पदोन्नति के पात्र होंगे।

IV. दिल्ली नगर निगम में सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी ग्रेड II:-

(i) वेतन, सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अंतर्गत वेतन मेट्रिक्स के स्तर-10 में प्रथम सेल का न्यूनतम 56,100 रु. (संशोधन-पूर्व पीबी-3, 15,600-39,100/- + ग्रेड वेतन 5400/- रु. के समतुल्य) तथा एनपीए और नियमानुसार देय अन्य भत्ते।

(ii) उम्मीदवार नियुक्ति की तारीख से दो वर्ष की अवधि तक परिवीक्षाधीन रहेगा। यह अवधि सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर घटाई या बढ़ाई जा सकती है। परिवीक्षाधीन अवधि के संतोषजनक समापन पर वह तब तक अस्थायी पर रहेगा जब तक उसे स्थायी रिक्ति पर नियमित नहीं किया जाता है।

(iii) उम्मीदवार की नियुक्ति दिल्ली नगर निगम के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कहीं भी किसी अस्पताल/डिस्पेंसरी, मातृ और शिशु कल्याण तथा परिवार कल्याण केंद्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदि में की जा सकती है ।

(iv) किसी भी प्रकार की निजी प्रैक्टिस प्रतिबंधित है।

(v) परिवीक्षा तथा उसके बाद अस्थायी रूप से नियोजन अवधि के दौरान किसी भी पक्ष द्वारा एक महीने का नोटिस देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। दिल्ली नगर निगम को नोटिस के बदले एक महीने का वेतन देने का अधिकार है। उच्चतर ग्रेड में पदोन्नति की संभावनाएं जिनमें वेतनमान तथा भत्ते सम्मिलित हैं, भर्ती विनियमों के उपबंधों के अनुसार होंगे।

परिशिष्ट–III

उम्मीदवारों की शारीरिक/चिकित्सा परीक्षा से संबंधित विनियम

(क) <u>सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए:</u>

ये विनियम उम्मीदवारों की सुविधा तथा उनके द्वारा अपेक्षित शारीरिक मानदंडों पर पूरा उतरने की संभावना सुनिश्चित करने के लिए प्रकाशित किए जाते हैं। इन विनियमों का उद्देश्य चिकित्सा परीक्षकों के लिए दिशा-निर्देश उपलब्ध कराना भी है। सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा के आधार पर भरे जाने वाले सभी पद समूह "क" के अंतर्गत "तकनीकी" पद हैं। विभिन्न सेवा (ओं) में ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों के लिए चिकित्सा मापदंडों सहित ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों की चिकित्सा परीक्षा से संबंधित सभी प्रकार के नोटिस और जानकारी, सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2026 में भाग लेने वाली सेवा (ओं) के सभी संबंधित नोडल प्राधिकारियों तथा सभी संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारियों के साथ विधिवत परामर्श करने के पश्चात सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2026 की चिकित्सा परीक्षा प्रारंभ होने से पहले स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के समर्पित (डेडीकेटेड) वेब पेज पर पोस्ट की जाएगी।

2. (क) भारत सरकार को स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड की रिपोर्ट पर विचार करके किसी उम्मीदवार को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।

(ख) नियुक्ति के लिए फिट ठहराए जाने के लिए यह अनिवार्य है कि उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक हो और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष न हो, जिससे नियुक्ति के पश्चात दक्षतापूर्ण कार्य करने में बाधा उत्पन्न होने की संभावना हो।

(ग) भारतीय (एंग्लो इंडियन सहित) उम्मीदवारों की आयु, कद और छाती के घेरे के परस्पर संबंध के बारे में मेडिकल बोर्ड को यह अधिकार होगा कि वह मार्गदर्शक के रूप में उम्मीदवारों की परीक्षा में सबसे अधिक उपयुक्त समझे गए सहसंबंध आंकड़ों का प्रयोग करे। धड़ और शारीरिक अंग परस्पर अनुपात में होने चाहिए और अन्यथा उपयुक्त पाए जाने पर किसी न्यूनतम कद सीमा का निर्धारण नहीं किया जाना चाहिए। यदि वजन, कद और छाती के घेरे के बारे में कोई विषमता हो तो जांच के लिए उम्मीदवार को अस्पताल में रखना चाहिए और छाती का एक्स-रे लेना चाहिए। ऐसा करने के बाद ही बोर्ड द्वारा उम्मीदवार को स्वस्थ अथवा अस्वस्थ घोषित किया जाना चाहिए।

3. उम्मीदवार का कद निम्नलिखित विधि से मापा जाएगा:-

वह अपने जूते उतार देगा और उसे मापदंड से इस प्रकार सटाकर खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव आपस में जुड़े रहें और उसका वजन सिवाए एडियो के पांवों की उंगलियों या किसी और हिस्से पर न पड़े। वह बिना अकड़े सीधा खड़ा होगा और उसकी एड़ियां, पिंडलियां, नितंब और कंधे मापदंड के साथ लगे होंगे। उसकी ठोड़ी नीची रखी जाएगी ताकि सिर का स्तर (वर्टेक्स ऑफ दी हैड लेवल) हॉरिजंटल बार के नीचे रहे और कद सेंटीमीटरों में मापा जाएगा तथा एक सेंटीमीटर के भाग को आधा सेंटीमीटर माना जाएगा।

4. उम्मीदवार की छाती मापने का तरीका निम्नानुसार होगा:-

उसे इस प्रकार खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव जुड़े हों और उसकी भुजाएं सिर से ऊपर उठी हों। टेप को छाती के चारों ओर इस प्रकार समायोजित किया जाएगा कि इसका ऊपरी किनारा पीछे कंधे की हड्डियों के आंतरिक कोणों को छूता रहे तथा जब टेप को छाती के चारों ओर ले जाया जाए तो वह उसी क्षैतिज तल में रहे। फिर भुजाओं को नीचा किया जाएगा और उन्हें शरीर के साथ लटका रहने दिया जाएगा। किंतु इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कंधे ऊपर या पीछे की ओर न किए जाएं ताकि टेप अपने स्थान से हट न पाए। तब उम्मीदवार को कई बार गहरी सांस लेने के लिए कहा जाएगा

और छाती का अधिक से अधिक फैलाव गौर से नोट किया जाएगा। कम से कम और अधिक से अधिक फैलाव सेंटीमीटर 84-89, 86-93.5 आदि में रिकॉर्ड किया जाएगा। माप रिकॉर्ड करते समय आधे सेंटीमीटर से कम को नोट नहीं करना चाहिए।

कृपया ध्यान दें:- अंतिम निर्णय करने से पूर्व उम्मीदवार का कद और छाती दो बार मापनी चाहिए।

उम्मीदवार का वजन भी किया जाएगा और उसका वजन किलोग्राम में रिकॉर्ड किया जाएगा। आधे किलोग्राम से कम को नोट नहीं करना चाहिए।

5. (क) उम्मीदवार की नजर की जांच निम्नलिखित नियमों के अनुसार की जाएगी। प्रत्येक जांच का परिणाम रिकॉर्ड किया जाएगा।

(i) **सामान्य-** उम्मीदवार को आँखों की सामान्य जांच हेतु निदेशित किया जाएगा ताकि उसमें आँखों की किसी भी प्रकार की बीमारी या असामान्यता का पता चल सके। यदि उम्मीदवार आंख (आंखों), पलकों की बीमारी या इसी तरह की किसी अन्य संक्रामक बीमारी से ग्रस्त हो, जो उसे भविष्य में सेवा के लिए अनफिट कर दे तो उसे अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(ii) **दृष्टि तीक्ष्णता-** दृष्टि की तीक्ष्णता के निर्धारण संबंधी जांच में दो परीक्षण शामिल हैं-एक दूर दृष्टि तथा दूसरा निकट दृष्टि के लिए। प्रत्येक आंख की अलग-अलग जांच की जाएगी।

(ख) चश्मे के बिना नजर (नैकेड आई विजन) की कोई अधिकतम सीमा (मैक्जिमम सीमा) नहीं होगी, किंतु प्रत्येक मामले में, मेडिकल बोर्ड या अन्य मेडिकल अधिकारी द्वारा इसे रिकॉर्ड किया जाएगा क्योंकि इससे आंख की स्थिति के बारे में मूलभूत सूचना (बेसिक इन्फॉर्मेशन) मिल जाएगी।

(ग) चश्मे के साथ तथा चश्मे के बिना दूर और नजदीक की नजर का मानक निम्नलिखित होगा:

<table>
<tr><th colspan="6">सेवा का वर्गीकरण</th></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">भारतीय रेल स्वास्थ्य सेवा (तकनीकी)</td><td colspan="2">भारतीय रेल स्वास्थ्य सेवा के अतिरिक्त अन्य सेवाएं (तकनीकी)</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td>बेहतर आंख</td><td>खराब आंख</td><td>बेहतर आंख</td><td>खराब आंख</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td colspan="2">(उपचार के बाद दृष्टि)</td></tr>
<tr><td>1</td><td>2</td><td>3</td><td>4</td><td>5</td><td>6</td></tr>
<tr><td>1.</td><td>दूर दृष्टि</td><td>6/6 या 6/9</td><td>6/9 या 6/12</td><td>6/6 या 6/9</td><td>6/12,
6/18
या शून्य</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>निकट दृष्टि</td><td>जे1</td><td>जे2</td><td>जे1
जे2</td><td>जे2, जे3 या
शून्य</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>उपचार के प्रकार की अनुमति</td><td colspan="2">चश्मा, आईओएल/कोरनियल शल्य क्रियाएं अर्थात (लासिक, एक्साइमर शल्य क्रियाएं आदि) की अनुमति दी जा सकती है। दृष्टि स्थिर होनी चाहिए और अपेक्षित मानदंड के अनुरूप होनी चाहिए। नेत्र बोर्ड द्वारा फिटनेस दी जाएगी। शल्य चिकित्सा (सर्जरी) कम से कम एक वर्ष पूर्व की गई हो।</td><td></td><td>चश्मा,
आईओएल,
लासिक लेजर
शल्य क्रियाएं</td></tr>
</table>

4.	अपवर्तन त्रुटि की सीमाओं की अनुमति	±4.00डी। उन मामलों में, जहां लैंसों की क्षमता >-4 डी है, एक विशेष नेत्र चिकित्सा बोर्ड को पैथोलॉजिकल मायोपिया की संभावना का पता लगाते हुए मामले को स्पष्ट करना होगा।	फंडस सामान्य है और पैथोलॉजिकल मायोपिया नहीं है।	
5.	रंग दृष्टि अपेक्षाएं	उच्चतर श्रेणी रंग बोध (इशिहारा परीक्षण-ईजीएल-1.3 एमएम रंध्र)	कम श्रेणी की रंग दृष्टि स्वीकार्य है।	
6.	क्या द्विनेत्री दृष्टि आवश्यक है?	भैंगेपन के मामले में द्विनेत्री दृष्टि आवश्यक है। योग्य व्यक्तियों के मामले में नेत्र चिकित्सा बोर्ड मामला दर मामला आधार पर मामले को स्पष्ट करे।	नहीं	

(घ) (i) उपर्युक्त दर्शायी गई तकनीकी सेवाओं और सार्वजनिक सुरक्षा से संबंधित किसी अन्य सेवा के संबंध में, मायोपिया (सिलेंडर सहित) का परिमाण-4.00 डी से अधिक न हो। हाइपरमैट्रोपिया (सिलेंडर सहित) का परिमाण+4.00 डी से अधिक न हो:

किन्तु यह कि "तकनीकी" सेवाओं के संबंध में उम्मीदवारों के हाई मायोपिया के आधार पर अनफिट पाए जाने पर मामला तीन नेत्र विशषज्ञों के विशेष बोर्ड को भेजना होगा ताकि यह जाना जा सके कि यह मायोपिया पैथोलॉजिकल है या नहीं। यदि यह पैथोलॉजिकल नहीं है तो उम्मीदवार को फिट घोषित किया जाना चाहिए बशर्ते कि वह अन्य दृष्टि अपेक्षाओं को पूरा करता है/करती हो।

(ii) मायोपिया के प्रत्येक मामले में फण्डस की जांच की जानी चाहिए और उसके परिणाम रिकॉर्ड किए जाने चाहिए। यदि उम्मीदवार की ऐसी रोगात्मक दशा हो जो कि बढ़ सकती है और उम्मीदवार की कार्य-कुशलता पर प्रभाव डाल सकती है तो उसे अयोग्य घोषित किया जाए।

(ङ) दृष्टि क्षेत्र: सभी सेवाओं के लिए सम्मुखन विधि (कंफ्रंटेशन मैथड) द्वारा दृष्टि क्षेत्र की जांच की जाएगी। जब ऐसी जांच का नतीजा असंतोषजनक या संदिग्ध हो तब दृष्टि क्षेत्र का निर्धारण पैरामीटर पर किया जाना चाहिए।

(च) रतौंधी (नाईट ब्लाइन्डनेस) : साधारणतया रतौंधी दो प्रकार की होती है : (i) विटामिन 'ए' की कमी के कारण और (ii) रेटिना के कायिक रोग के कारण जिसकी आम वजह रेटिनिटिस पिगमैंटोसा होती है। उपर्युक्त (i) में फंडस की स्थिति सामान्य होती है। यह साधरणतया कम आयु वाले व्यक्तियों और कुपोषित व्यक्तियों में दिखाई देती है और अधिक मात्रा में विटामिन 'ए' के खाने से ठीक हो जाती है उपर्युक्त (ii) की स्थिति में फंडस प्राय: शामिल होती है। अधिकांश मामलों में केवल फंडस की जांच से ही स्थिति का पता चल जाता है। इस श्रेणी का रोगी वयस्क होता है और खुराक की कमी से पीड़ित नहीं होता है। उपर्युक्त (i) और (ii) दोनों के लिए अंधेरा अनुकूलन परीक्षा से स्थिति का पता चल जाएगा।

(छ) रंग दृष्टि: उपर्युक्त तकनीकी सेवाओं के संबंध में रंग दृष्टि की जांच आवश्यक होगी।

नीचे सारणी में दर्शाए गए अनुसार, चित्रदर्शी (लालटेन) में द्वारक की आकृति पर आधारित उच्च और निम्न वर्ग में रंग बोध को वर्गीकृत किया जाना चाहिए:-

ग्रेड	उच्च वर्ग रंग बोध	निम्न वर्ग रंग बोध
1. लैम्प और उम्मीदवार के बीच की दूरी।	16 फीट	16 फीट
2. द्वारक का आकार	1.3 मि.मी.	13 मि.मी.
3. उद्भासन समय	5 सैकेंड	5 सैकंड

भारतीय रेल स्वास्थ्य सेवा के लिए उच्चतर वर्ग रंग दृष्टि आवश्यक है लेकिन अन्य सेवाओं के लिए निम्न वर्ग रंग दृष्टि को ही पर्याप्त माना जाएगा।

संतोषजनक रंग दृष्टि से अभिप्राय संकेतक लाल, संकेतक हरे और सफेद रंगों को आसानी से और किसी हिचकिचाहट के बिना पहचानना है। अच्छी रोशनी में प्रदर्शित इशिहारा की प्लेटे और उपयुक्त इरिज ग्रीन लेंटर्न का इस्तेमाल रंग दृष्टि की जांच के लिए पूर्णरूपेण विश्वसनीय है। भारतीय रेल स्वास्थ्य सेवा के अतिरिक्त अन्य सेवाओं के संबंध में, दोनों परीक्षणों में से किसी एक को ही पर्याप्त माना जाएगा। आईआरएचएस के लिए लेंटर्न परीक्षण आवश्यक है। संदेहास्पद मामलों में जहां उम्मीदवार दोनों में से कोई एक परीक्षण किए जाने पर उसमें असफल रहते हैं, तब दोनों ही परीक्षण किए जाने चाहिए। तथापि, भारतीय रेल स्वास्थ्य सेवा में नियुक्ति हेतु उम्मीदवार की रंग दृष्टि की जांच के लिए इशिहारा की प्लेटों और इरिज ग्रीन लेंटर्न दोनों का ही उपयोग किया जाना चाहिए।

(ज) दृष्टि की तीक्ष्णता के अतिरिक्त आंख की अन्य अवस्थाएं (ऑक्यूलर कंडीशन):

(i) आंख की बीमारी या बढ़ती हुई अपवर्तन त्रुटि (प्रोग्रेसिव रिफ्रेक्टिव एरर), जिसके परिणामस्वरूप दृष्टि की तीक्ष्णता के कम होने की संभावना हो, को अयोग्यता का कारण समझा जाना चाहिए।

(ii) भैंगापन (स्क्विट): तकनीकी सेवाओं में जहां द्विनेत्री (बाइनोकलर) दृष्टि अनिवार्य हो, दृष्टि की तीक्ष्णता निर्धारित स्तर की होने पर भी भैंगापन को अयोग्यता का कारण समझना चाहिए। दृष्टि की तीक्ष्णता निर्धारित स्तर की होने पर भैंगापन को अन्य सेवाओं के लिए अयोग्यता का कारण नहीं समझना चाहिए।

(iii) यदि किसी व्यक्ति की एक आंख हो अथवा यदि उसकी एक आंख की दृष्टि सामान्य हो और दूसरी आंख की दृष्टि सामान्य से कम हो अथवा अप-सामान्य दृष्टि हो तो उसका प्रभाव प्रायः यह होता है कि उस व्यक्ति में गहराई के बोध हेतु त्रिविम दृष्टि का अभाव होता है। इस प्रकार की दृष्टि आईआरएचएस के अतिरिक्त अन्य सेवाओं के लिए अयोग्यता का कारण नहीं है। इस प्रकार के व्यक्तियों को चिकित्सा बोर्ड योग्य मानकर अनुशंसित कर सकता है:-

बशर्ते कि सामान्य आंख की दूर की दृष्टि 6/6 और निकट दृष्टि का चश्मा लगाकर अथवा उसके बिना ही हो बशर्ते कि दूर की दृष्टि के लिए किसी मेरिडियन में त्रुटि 4 डायोप्टस से अधिक न हो।

उसका दृष्टि क्षेत्र पूरा हो।

सामान्य रंग दृष्टि हो, जहां भी अपेक्षित हो:

बशर्ते बोर्ड इस बात से संतुष्ट हो कि उम्मीदवार विचाराधीन कार्य विशेष से संबंधित सभी कार्यकलापों का निष्पादन कर सकता है।

(iv) **कान्टैक्ट लेंस:** उम्मीदवार की स्वास्थ्य परीक्षा के समय उसे कॉन्टेक्ट लेंस का प्रयोग करने की अनुमति नहीं होगी। यह आवश्यक है कि आंख की जांच करते समय दूर की नजर के लिए टाइप किए गए अक्षरों का उद्भासन 15 फीट ऊंचाई के प्रकाश से हो।

विशेष नेत्र विशेषज्ञ बोर्ड के लिए दिशा-निर्देश:

नेत्र परीक्षण के लिए विशेष नेत्र विज्ञान बोर्ड में 3 नेत्र विशेषज्ञ शामिल होंगे:

(क) उन मामलों में जहां चिकित्सा बोर्ड ने सामान्य निर्धारित सीमाओं के भीतर दृष्टि कार्यकलाप रिकॉर्ड किया है लेकिन किसी ऐसे कायिक और बढ़ने वाले रोग का संदेह है जो दृष्टि कार्यकलाप को नष्ट कर सकता है तो उन उम्मीदवारों को प्रथम चिकित्सा बोर्ड के भाग के रूप में विशेष नेत्र विशेषज्ञ बोर्ड की राय के लिए भेजना चाहिए।

(ख) आँखों की किसी भी प्रकार की शल्य क्रिया से संबंधित सभी प्रकार के मामले, आईओएल, रिफ्रेक्टिव कॉर्नियल शल्य चिकित्सा, रंग दोष से संबंधित संदेहास्पद मामले विशेष नेत्र विशेषज्ञ बोर्ड को भेजे जाने चाहिए।

(ग) ऐसे मामलों में, जहां किसी उम्मीदवार में हाई मायोपिया या हाई हाइपरमेट्रोपिया पाया जाता है तो केन्द्रीय स्थायी चिकित्सा बोर्ड/राज्य चिकित्सा बोर्ड को चाहिए कि वह उम्मीदवार को तत्काल ही अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक द्वारा गठित तीन नेत्र विशेषज्ञों के विशेष बोर्ड के पास भेजे जिसमें विशेष नेत्र विशेषज्ञ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में अस्पताल के नेत्र विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष या वरिष्ठतम नेत्र विशेषज्ञ हो। नेत्र विज्ञानी/चिकित्सा अधिकारी जिसने प्रारंभ में, आँखों का परीक्षण किया है, विशेष बोर्ड का भाग नहीं हो सकता है।

यदि संभव हो, तो विशेष बोर्ड द्वारा परीक्षण वरीयता उसी दिन किया जाना चाहिए। जब कभी केन्द्रीय स्थायी बोर्ड/राज्य चिकित्सा बोर्ड द्वारा तीन नेत्र विशेषज्ञों का विशेष बोर्ड चिकित्सा परीक्षा के दिन बनाया जाना संभव न हो, तो विशेष बोर्ड शीघ्रातिशीघ्र बनाया जाए।

विशेष नेत्र विशेषज्ञ बोर्ड को अपने निर्णय पर पहुंचने से पूर्व विस्तृत जांच परख कर लेनी चाहिए।

चिकित्सा बोर्ड की रिपोर्ट तब तक पूरी नहीं मानी जा सकती जब तक कि इसमें विशेष चिकित्सा बोर्ड को भेजे गए सभी मामलों से संबंधित रिपोर्ट शामिल नहीं कर ली जाती।

बॉर्डर लाइन अनफिट मामलों पर रिपोर्ट देने के लिए दिशा-निर्देश:

दृष्टि तीक्ष्णता, अवसामान्य रंग दृष्टि के बॉर्डर लाइन मामलों में, व्यक्ति को अनफिट घोषित किए जाने से पूर्व बोर्ड 15 मिनट बाद पुनः परीक्षण करेगा।

6. रक्तचाप: रक्तचाप के संबंध में बोर्ड अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करेगा। सामान्य उच्चतम सिस्टॉलिक प्रेशर के आकलन की सामान्य विधि निम्नानुसार है:

(i) 15 से 25 वर्ष के युवा व्यक्तियों में औसत रक्त चाप लगभग 100 जमा आयु होता है।

(ii) 25 वर्ष से ऊपर आयु वाले व्यक्तियों के रक्तचाप का आकलन करने के लिए 110 में आधी आयु जोड़ देने का तरीका बिल्कुल संतोषजनक प्रतीत होता है।

कृपया ध्यान दें: सामान्य नियम के रूप में 140 एम.एम. के ऊपर के सिस्टॉलिक प्रेशर और 90 एम.एम. से ऊपर डायस्टालिक प्रेशर को संदिग्ध मान लेना चाहिए और उम्मीदवार को योग्य/अयोग्य ठहराने के संबंध में अपनी अंतिम राय देने से पहले बोर्ड को चाहिए कि उम्मीदवार को अस्पताल में रखें। अस्पताल की रिपोर्ट से यह स्पष्ट होना चाहिए कि घबराहट (एक्साइटमेंट) आदि के कारण रक्तचाप वृद्धि थोड़े समय रहती है या उसका कारण कोई कायिक (ऑर्गनिक) बीमारी है। ऐसे सभी मामलों में हृदय का एक्स-रे और इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफिक जांच और रक्त यूरिया क्लियरेंस की जांच भी नेमी रूप से की जानी चाहिए। फिर भी उम्मीदवार के योग्य होने या न होने के बारे में अंतिम निर्णय केवल मेडिकल बोर्ड ही करेगा।

ब्लड प्रेशर (रक्त दाब) लेने का तरीका:-

नियमित पारे वाले दबावमापी (मर्करी मोनोमीटर) किस्म के उपकरण का इस्तेमाल करना चाहिए। किसी किस्म के व्यायाम या घबराहट के बाद पंद्रह मिनट तक रक्त दाब नहीं लेना चाहिए। रोगी और विशेष कर उसकी भुजा शिथिल अवस्था में आराम से रहनी चाहिए वह बैठा हो या लेटा हो। रोगी के पार्श्व पर भुजा को क्षैतिज रूप से सहारा दिया जाए। कंधे से लेकर भुजा तक कपड़े उतार देने चाहिए। कफ में से पूरा तरह हवा निकाल कर रबड़ के बीच के हिस्से को भुजा के अंदर की ओर रुख करके इसके निचले किनारे को कोहनी के मोड़ से एक या दो इंच ऊपर करके लगाना चाहिए। इसके बाद कपड़े की पट्टी को फैला कर समान रूप से लपेटना चाहिए; ताकि हवा भरने पर कोई हिस्सा फूल कर बाहर न निकले।

कोहनी के मोड़ पर ब्रोंकियल आर्टरी को दबाकर ढूंढा जाता है और तब उसके ऊपर बीचों-बीच स्टेथस्कोप को हल्के से लगाया जाता है जो कफ के साथ न लगे। कफ में लगभग 200 एम.एम.एच. जी हवा भरी जाती है और इसके बाद इसमें से धीरे-धीरे हवा निकाली जाती है। हल्की क्रमिक ध्वनि सुनाई पड़ने पर जिस स्तर पर पारे का कालम टिका होता है, वह सिस्टालिक प्रैशर दर्शाता है। जब और हवा निकाली जाती है तो ध्वनियां तेज सुनाई पड़ती है। जिस स्तर पर ये साफ और अच्छी सुनाई पड़ने वाली ध्वनियां हल्की दबी हुई-सी लुप्त प्राय: हो जाएं, वह डायस्टालिक प्रेशर है। ब्लड प्रेशर यथा शीघ्र लेना चाहिए, क्योंकि लंबे समय तक कफ का दबाव रोगी के लिए क्षोभकर होता है और इससे रीडिंग गलत हो सकती है। यदि दोबारा जांच जरूरी हो तो कफ में से पूरी हवा निकालकर कुछ मिनट बाद ही ऐसा किया जाए। कभी-कभी कफ से हवा निकलने पर एक निश्चित स्तर पर ध्वनियां सुनाई पड़ती हैं, दबाव गिरने पर ये गायब हो जाती हैं और निम्न स्तर पर पुन: प्रकट हो जाती हैं। इस साइलेंट गैप से रीडिंग में गलती हो सकती है।

7. परीक्षक की उपस्थिति में ही मूत्र परीक्षा की जानी चाहिए और परिणाम रिकॉर्ड किया जाना चाहिए। जब मेडिकल बोर्ड को किसी उम्मीदवार के मूत्र में रासायनिक जांच द्वारा शक्कर का पता चले तो बोर्ड इसके अन्य सभी पहलुओं की परीक्षा करेगा और मधुमेह (डायबिटीज) के द्योतक चिन्हों और लक्षणों को भी विशेष रूप से नोट करेगा। यदि बोर्ड उम्मीदवार को ग्लाइकोसूरिया के सिवाए, अपेक्षित मेडिकल फिटनेस के स्टैण्डर्ड के अनुरूप पाए तो वह उम्मीदवार को इस शर्त के साथ फिट घोषित कर सकता है कि ग्लाइको सूरिया नान-डायबिटिक हो और बोर्ड मामले को मेडिकल के किसी ऐसे विनिर्दिष्ट विशेषज्ञ के पास भेजेगा जिसके पास अस्पताल और प्रयोगशाला की सुविधाएं हों। चिकित्सा विशेषज्ञ स्टैण्डर्ड ब्लड शुगर टालरेंस टेस्ट समेत जो भी क्लिनिक या प्रयोगशाला परीक्षण आवश्यक समझेगा करेगा और अपनी रिपोर्ट मेडिकल बोर्ड को भेज देगा जिस पर मेडिकल बोर्ड की "फिट" या "अनफिट" की अन्तिम राय आधरित होगी। इसके लिए उम्मीदवार को बोर्ड के सामने स्वयं उपस्थित होना जरूरी नहीं होगा। औषधि के प्रभाव को समाप्त करने के लिए यह जरूरी हो सकता है कि उम्मीदवार को कई दिन तक अस्पताल में पूरी निगरानी में रखा जाए।

8. उन पदों पर नियुक्ति जिनके लिए कोई विस्तृत प्रशिक्षण निर्धारित नहीं है:- यदि चिकित्सा परीक्षा के दौरान कोई महिला उम्मीदवार गर्भवती पाई जाती है तो उसे 'अस्थायी रूप से अनफिट' घोषित करने की आवश्यकता नहीं है यदि उसकी नियुक्ति उन पदों पर होनी है जिनके लिए कोई विस्तृत प्रशिक्षण निर्धारित नहीं है अर्थात उन्हें नौकरी पर सीधे नियुक्त किया जा सकता है।

ऐसे पदों/सेवाओं के लिए, जिनमें पदभार ग्रहण करने से पूर्व प्रशिक्षण विनिर्धारित किया गया है। परीक्षण करने पर कोई महिला उम्मीदवार गर्भवती पाई जाती है, तो उसे अस्थायी रूप से तब तक अनफिट घोषित किया जाए जब तक उसकी प्रसूति की अवधि पूरी न हो जाए। प्रसूति की तारीख के छह सप्ताह पश्चात फिटनेस प्रमाणपत्र हेतु उसका पुनः परीक्षण किया जाए, किंतु यह परीक्षण किसी पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टीशनर से प्राप्त फिटनेस प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के अध्यधीन होगा।

9. निम्नलिखित अतिरिक्त बिंदुओं का परीक्षण करना चाहिए:-

(क) उम्मीदवार को दोनों कानों से सही सुनाई पड़ता है या नहीं और कान की बीमारी का कोई चिह्न है या नहीं। यदि कान की कोई खराबी हो तो उसकी परीक्षा कान के विशेषज्ञ द्वारा की जानी चाहिए। किन्तु यह कि सुनने की खराबी का इलाज शल्य क्रिया या हियरिंग ऐड के इस्तेमाल से हो सके तो उम्मीदवार को इस आधार पर अनफिट घोषित नहीं किया जा सकता बशर्ते कान की बीमारी बढ़ने वाली न हो। आई आर एच एस के मामले में यह प्रावधान लागू नहीं होगा। चिकित्सा जांच प्राधिकारी के लिए इस सम्बन्ध में निम्नलिखित दिशा-निर्देश दिए जाते हैं:

		भारतीय रेल स्वास्थ्य सेवाएं (तकनीकी)	भारतीय रेल स्वास्थ्य सेवा (तकनीकी) के अतिरिक्त सेवाएं
1.	एक कान में स्पष्ट अथवा पूर्ण बहरापन दूसरा कान सामान्य होगा।	अनफिट	यदि उच्च फ्रीक्वेंसी में बहरापन 30 डेसीबल तक हो, तो फिट।
2.	दोनों कानों में प्रत्यक्ष बहरापन जिसमें श्रव्ययंत्र (हियरिंग एड) द्वारा कुछ सुधार संभव हो।	यदि 1000 से 4000 तक स्पीच फ्रीक्वेंसी में बहरापन 30 डेसीबल हो तो फिट।	यदि 1000 से 4000 तक स्पीच फ्रीक्वेंसी में बहरापन 30 डेसीबल हो तो फिट।
3.	सेंट्रल अथवा मार्जिनल टाइप के टिमपेनिक मेम्ब्रेन में छिद्र।	(i) एक कान सामान्य हो, दूसरे कान में टिमपेनिक मेम्ब्रेन में छिद्र हो तो "अस्थायी आधार पर अनफिट"। कान की शल्य चिकित्सा के स्थिति सुधरने में दोनों कानों में मार्जिनल अन्य छिद्र वाले उम्मीदवार को अस्थायी रूप से अनफिट घोषित करके उस पर नीचे दिए गए नियम 4 (ii) के	(i) एक कान सामान्य हो, दूसरे कान में टिमपेनिक मेम्ब्रेन में छिद्र हो तो "अस्थायी आधार पर अनफिट"। कान की शल्य चिकित्सा को स्थिति सुधरने में दोनों कानों में मार्जिनल अन्य छिद्र वाले उम्मीदवार को अस्थायी रूप से अनफिट घोषित करके उस पर नीचे दिए गए नियम 4 (ii) के

		अधीन विचार किया जा सकता है। (ii) दोनों कानों में मार्जिनल या एटिक छिद्र होने पर अनफिट। (iii) दोनों कानों में सेंट्रल छिद्र होने पर अस्थायी रूप से अनफिट।	अधीन विचार किया जा सकता है। (ii) दोनों कानों में मार्जिनल या एटिक छिद्र होने पर अनफिट। (iii) दोनों कानों में सेंट्रल छिद्र होने पर अस्थायी रूप से अनफिट।
4.	कान के एक ओर से/दोनों ओर से मैस्टॉयड केविटी से सब-नार्मल श्रवण।	(i) एक कान से सामान्य श्रवण तथा दूसरे कान में कर्णमूल गुहा (मस्टायड कैविटी)-'फिट' (ii) दोनों तरफ कर्णमूल गुहा (मस्टायड कैविटी)-'अनफिट'	(i) एक कान से सामान्य श्रवण तथा दूसरे कान में कर्णमूल गुहा (मस्टायड कैविटी)-'फिट' (ii) दोनों तरफ कर्णमूल गुहा (मस्टायड कैविटी)-'अनफिट'
5.	लगातार बहते रहने वाला कान शल्य क्रिया सम्पन्न/शल्य क्रिया असंपन्न।	'अस्थायी रूप से अनफिट''।	'अस्थायी रूप से अनफिट'।
6.	नासापट (नेसल सेप्टम) की अस्थि विरूपता सहित या रहित नाम की चिरकारी शोथ (क्रानिक इनफ्लेमेटरी/प्रव्यूर्जता (ऐलर्जीक) अवस्था।	(i) प्रत्येक मामले में परिस्थिति के अनुसार निर्णय किया जाएगा। (ii) यदि लक्षणों सहित नासापट अपसरण विद्यमान हो तो अस्थायी रूप से अनफिट।	(i) प्रत्येक मामले में परिस्थिति के अनुसार निर्णय किया जाएगा। (ii) यदि लक्षणों सहित नासापट अपसरण विद्यमान हो तो अस्थायी रूप से अनफिट।
7.	टांसिल्स और/या स्वर यंत्र (लेरिक्सि) की जीर्ण दशा-योग्य।	(i) टांसिल और/या स्वर यंत्र (लेरिक्सि) की जीर्ण प्रदाहक दशा और/अथवा (ii) यदि आवाज में अत्यधिक कर्कशता विद्यमान हो तो - अस्थायी रूप से अनफिट।	(i) टांसिल और/या स्वर यंत्र (लेरिक्सि) की जीर्ण प्रदाहक दशा और/अथवा (ii) यदि आवाज में अत्यधिक कर्कशता विद्यमान हो तो - अस्थायी रूप से अनफिट।
8.	कान, नाक, गले (ई.एन.टी.) का साध्य अथवा स्थानीय रूप से कैंसरयुक्त ट्यूमर।	(i) गैर-कैंसरकारी ट्यूमर - अस्थायी रूप से अनफिट। (ii) कैंसरयुक्त ट्यूमर अनफिट।	(iii) गैर-कैंसरकारी ट्यूमर- अस्थायी रूप से अयोग्य। (i) कैंसरयुक्त ट्यूमर अनफिट।
9.	आस्टैक्लिरोंसिस	श्रवण यंत्र की सहायता से या आपरेशन के बाद श्रवणता 30 डेसीबल के अन्दर होने पर फिट।	श्रवण यंत्र की सहायता से या आपरेशन के बाद श्रवणता 30 डेसीबल के अन्दर होने पर फिट।
10.	कान, नाक अथवा गले के जन्मजात दोष	(i) यदि कामकाज में बाधक न हो तो फिट। (ii) भारी मात्रा में हकलाहट हो तो अनफिट।	(i) यदि कामकाज में बाधक न हो तो फिट।

11.	नेजल पोली	अस्थाई रूप से अनफिट	अस्थाई रूप से अनफिट

(ख) उम्मीदवार बोलने में हकलाता/हकलाती नहीं हो;

(ग) उसके दांत अच्छी हालत में हों, और अच्छी तरह चबाने के लिए जरूरी होने पर नकली दांत लगे हैं या नहीं (अच्छी तरह भरे हुए दांतों को ठीक समझा जाएगा);

(घ) उसकी छाती की बनावट अच्छी है या नहीं और छाती पर्याप्त रूप से फैलती है या नहीं। उसका दिल और फेफड़े ठीक हैं या नहीं;

(ङ) उसे पेट की बीमारी है या नहीं;

(च) उसका ईयर-ड्रम रप्चर है या नहीं;

(छ) उसे हाइड्रोसील, बढ़ी हुई वेरिकोसील, वेरिकोज शिरा (वेन) या बवासीर है या नहीं;

(ज) उसके अंगों, हाथों और पैरों की बनावट और विकास अच्छा है या नहीं और उसके जोड़ भली-भांति स्वतंत्र रूप से हिलते हैं या नहीं;

(झ) उसे कोई पुरानी त्वचा की बीमारी है या नहीं;

(अ) कोई जन्म-जात कुरचना या दोष है या नहीं;

(ट) उसमें किसी दुसाध्य या पुरानी बीमारी के लक्षण हैं या नहीं जिससे कमजोर गठन का पता लगे;

(ठ) कारगर टीकाकरण के निशान हैं या नहीं; और

(ड) उसे कोई संचारी (कम्युनिकेबल) रोग है या नहीं।

10. हृदय तथा फेफड़ों की किन्हीं ऐसी असमान्यताओं का पता लगाने, जिन्हें सामान्य शारीरिक परीक्षण के आधार पर नहीं देखा जा सकता है, के लिए छाती का रेडियोग्राफी परीक्षण केवल उन्हीं उम्मीदवारों का किया जाएगा जिन्हें सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा में अंतिम रूप से सफल घोषित किया जाता है।

उम्मीदवार के स्वास्थ्य के बारे में केन्द्रीय स्थायी चिकित्सा बोर्ड (संबंधित उम्मीदवार के चिकित्सा परीक्षण का संचालन करने वाला) के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा।

उम्मीदवार के स्वास्थ्य के बारे में संदेह होने के मामले में चिकित्सा बोर्ड के अध्यक्ष उपयुक्त अस्पताल विशेषज्ञ से परामर्श करके यह निर्णय कर सकते हैं कि उम्मीदवार सरकारी सेवा के लिए योग्य या अयोग्य है अर्थात् यदि उम्मीदवार के विषय में यह संदेह व्यक्त किया जा रहा हो कि उम्मीदवार किसी प्रकार के मानसिक दोष या बुद्धिभ्रंश (एवरेशन) से पीड़ित है, बोर्ड का अध्यक्ष अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ/मनोवैज्ञानिक, आदि से परामर्श कर सकता है।

यदि कोई दोष मिले तो उसे प्रमाणपत्र में अवश्य नोट करें तथा चिकित्सा परीक्षक को अपनी राय देनी चाहिए कि उम्मीदवार द्वारा अपेक्षित कार्य के दक्षतापूर्वक निष्पादन में बाधा पड़ने की संभावना है या नहीं।

यदि किसी मामले में चिकित्सा बोर्ड का यह विचार हो कि सरकारी सेवा के लिए किसी उम्मीदवार को अपात्र बनाने वाली मामूली अक्षमता को इलाज (चिकित्सा या शल्य चिकित्सा) से ठीक किया जा सकता है, तो इस संबंध में चिकित्सा बोर्ड द्वारा एक कथन रिकॉर्ड किया जाए। नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा इस संबंध में बोर्ड का मत उम्मीदवार को सूचित किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है और इलाज के बाद उम्मीदवार के स्वस्थ हो जाने पर प्राधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह दूसरे चिकित्सा बोर्ड की मांग कर सकता है।

"अस्थायी रूप से अनफिट" घोषित किए जाने वाले उम्मीदवारों के मामले में पुन:परीक्षण हेतु निर्धारित अवधि सामान्यतया छ: माह से अधिक नहीं होनी चाहिए। निर्दिष्ट अवधि के बाद, पुन:परीक्षण होने पर इन उम्मीदवारों को और अधिक अवधि के लिए "अस्थायी रूप से अनफिट" घोषित नहीं किया जाए बल्कि इस संबंध में नियुक्ति के लिए उनकी फिटनेस अथवा अन्यथा के संबंध में अंतिम निर्णय दिया जाए। यह नोट किया जाए कि यदि कोई उम्मीदवार सुसाध्य रोग से

पीड़ित है, तो उसे केवल प्रथम चिकित्सा बोर्ड द्वारा ही "अस्थायी रूप से अनफिट" घोषित किया जा सकता है। चिकित्सा पुन:परीक्षण को पहले चिकित्सा परीक्षण का ही भाग माना जाएगा और उम्मीदवार चाहें तो, इसके निर्णय के विरूद्ध अपील कर सकते हैं। अपीलीय चिकित्सा बोर्ड को अंतिम निर्णय लेना होगा तथा यह स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा कि उम्मीदवार फिट है या अनफिट है। अपीलीय चिकित्सा परीक्षण के आधार पर किसी उम्मीदवार को "अस्थायी रूप से अनफिट" घोषित नहीं किया जा सकता।

11. चिकित्सा बोर्ड के निर्णय के विरूद्ध अपील करने के लिए उम्मीदवार को इस बारे में भारत सरकार द्वारा यथा निर्धारित विधि से रू 100.का अपील शुल्क जमा कराना होगा। उम्मीदवार को भेजे गए चिकित्सा बोर्ड के निर्णय की सूचना के 21 दिनों के भीतर अपील करनी चाहिए अन्यथा अपीलीय चिकित्सा बोर्ड द्वारा दूसरी चिकित्सा परीक्षा के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा। अपीलीय चिकित्सा बोर्ड द्वारा चिकित्सा परीक्षा केवल नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी तथा संबंधित चिकित्सा परीक्षा के लिए की गई यात्राओं के लिए कोई यात्रा या दैनिक भत्ता देय नहीं है। अपीलीय चिकित्सा बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और इसके विरूद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती।

(ख) <u>दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार बेंचमार्क दिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए:</u>

ये विनियम उम्मीदवारों की सुविधा और अपेक्षित शारीरिक मानक संबंधी संभाव्यता को जानने के लिए प्रकाशित किए गए हैं। इन विनियमों का उद्देश्य चिकित्सा परीक्षकों लिए दिशानिर्देश उपलब्ध करवाना भी है। संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा के आधार पर भरे जाने वाले सभी पद समूह 'क' ''तकनीकी'' पद हैं।

2. (क) भारत सरकार को स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड की रिपोर्ट पर विचार करके किसी उम्मीदवार को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।

(ख) नियुक्ति के लिए फिट ठहराए जाने के लिए यह अनिवार्य है कि उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक हो और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष न हो, जिससे नियुक्ति के पश्चात दक्षतापूर्ण कार्य करने में बाधा उत्पन्न होने की संभावना हो।

(ग) भारतीय (एंग्लो इंडियन सहित) उम्मीदवारों की आयु, कद और छाती के घेरे के परस्पर संबंध के बारे में मेडिकल बोर्ड को यह अधिकार होगा कि वह मार्गदर्शक के रूप में उम्मीदवारों की परीक्षा में सबसे अधिक उपयुक्त समझे गए सहसंबंध आंकड़ों का प्रयोग करे। धड़ और शारीरिक अंग परस्पर अनुपात में होने चाहिए और अन्यथा उपयुक्त पाए जाने पर किसी न्यूनतम कद सीमा का निर्धारण नहीं किया जाना चाहिए। यदि वजन, कद और छाती के घेरे के बारे में कोई विषमता हो तो जांच के लिए उम्मीदवार को अस्पताल में रखना चाहिए और छाती का एक्स-रे लेना चाहिए। ऐसा करने के बाद ही बोर्ड द्वारा उम्मीदवार को स्वस्थ अथवा अस्वस्थ घोषित किया जाना चाहिए।

3. उम्मीदवार का कद निम्नलिखित विधि से मापा जाएगा:-

वह अपने जूते उतार देगा/देगी और उसे मापदंड से इस प्रकार सटाकर खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव आपस में जुड़े रहें और उसका वजन सिवाए एडियो के पांवों की उंगलियों या किसी और हिस्से पर न पड़े। वह बिना अकड़े सीधा खड़ा होगा/होगी और उसकी एड़ियां, पिंडलियां, नितंब और कंधे मापदंड के साथ लगे होंगे। उसकी ठोड़ी नीची रखी जाएगी ताकि सिर का स्तर (वर्टेक्स ऑफ दी हैड लेवल) हॉरिजंटल बार के नीचे रहे और कद सेंटीमीटरों में मापा जाएगा तथा एक सेंटीमीटर के भाग को आधा सेंटीमीटर माना जाएगा।

4. उम्मीदवार की छाती मापने का तरीका निम्नानुसार होगा:-

उसे इस प्रकार खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव जुड़े हों और उसकी भुजाएं सिर से ऊपर उठी हों। टेप को छाती के चारों ओर इस प्रकार समायोजित किया जाएगा कि इसका ऊपरी किनारा पीछे कंधे की हड्डियों के आंतरिक कोणों को छूता रहे तथा जब टेप को छाती के चारों ओर ले जाया जाए तो वह उसी क्षैतिज तल में रहे। फिर भुजाओं को नीचा किया जाएगा और उन्हें शरीर के साथ लटका रहने दिया जाएगा। किंतु इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कंधे ऊपर या पीछे की ओर न किए जाएं ताकि टेप अपने स्थान से हट न पाए। तब उम्मीदवार को कई बार गहरी सांस लेने के लिए कहा जाएगा और छाती का अधिक से अधिक फैलाव गौर से नोट किया जाएगा। कम से कम और अधिक से अधिक फैलाव सेंटीमीटर 84-89, 86-93.5 आदि में रिकॉर्ड किया जाएगा। माप रिकॉर्ड करते समय आधे सेंटीमीटर से कम को नोट नहीं करना चाहिए।

कृपया ध्यान दें:- अंतिम निर्णय करने से पूर्व उम्मीदवार का कद और छाती दो बार मापनी चाहिए।

उम्मीदवार का वजन भी किया जाएगा और उसका वजन किलोग्राम में रिकॉर्ड किया जाएगा। आधे किलोग्राम से कम को नोट नहीं करना चाहिए।

1. **लोकोमोटर दिव्यांगता** : 40-80 प्रतिशत दिव्यांगता वाले उम्मीदवार पीडब्ल्यूडी कोटा के लिए पात्र हैं। 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को भी केवल उस स्थिति में मामला दर मामला आधार पर अनुमति दी जा सकती है, यदि सहायक उपकरणों की मदद से प्रकार्यात्मक सक्षमता में सुधार है। या दूसरे शब्दों में, आवश्यक कार्यों का निष्पादन करने के लिए अपेक्षानुसार दिव्यांगता को 80 प्रतिशत से नीचे लाया जा सकता हो, जो नामित विशेष बोर्ड द्वारा यथा प्रमाणित हो।

   कुष्ठ उपचारित व्यक्तियों के मामले में, उंगलियों और हाथों, विच्छेदन में संवेदन की क्षति पर ध्यान दिया जाना चाहिए। साथ ही आंखों और तदनुरूप अनुशंसाओं पर भी गौर किया जाना चाहिए।

   प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात के मामले में, दृष्टि, श्रवण, बोध क्षमता, इत्यादि की क्षति पर ध्यान दिया जाना चाहिए और तदनुरूप सिफारिशों पर गौर किया जाना चाहिए।

   सीएचएस: बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों, जिन्हें सीएचएस के सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी के लिए उपयुक्त चिन्हित किया गया है, की श्रेणी (श्रेणियों) और उनके कार्यात्मक वर्गीकरण और शारीरिक अपेक्षाओं के लिए परिशिष्ट IV का सन्दर्भ लिया जाएगा।

   आईआरएचएस के लिए: सीएमएसई के माध्यम से आईआरएचएस में एडीएमओ की सीधी भर्ती में केवल ओए, ओएल, बीएल, एलसी और एएवी के कार्यात्मक वर्गीकरण के साथ पीडब्ल्यूबीडी के लिए मौजूदा लोकोमोटर दिव्यांगता।

   दृश्य दिव्यांगता:

   40% से अधिक दृष्टि तीक्ष्णता वाले दिव्यांगता वाले उम्मीदवार पात्र हैं, बशर्ते दृश्य दिव्यांगता को कम विजन वाले उन्नत सहायक उपकरणों के साथ 40% से कम के बेंचमार्क स्तर पर लाया जाए।

   इसे नामित विशेष बोर्ड द्वारा प्रमाणित किया जाए।

   सीएचएस: बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों, जिन्हें सीएचएस के सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी के लिए उपयुक्त चिन्हित किया गया है, की श्रेणी (श्रेणियों) और उनके कार्यात्मक वर्गीकरण और शारीरिक अपेक्षाओं के लिए परिशिष्ट IV का सन्दर्भ लिया जाएगा।

   दृष्टि तीक्ष्णता:

   आईआरएचएस: 'निम्न स्तरीय मानक' दृष्टि तीक्ष्णता वाले उम्मीदवार आईआरएचएस में एडीएमओ के पद के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

   दृष्टि विवर्णता:

   आईआरएचएस: कलर विजन दोष वाले उम्मीदवार आईआरएचएस में एडीएमओ के पद के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

2. **श्रवण दिव्यांगता** : 40% से अधिक दिव्यांग उम्मीदवारों को पात्र माना जाएगा बशर्ते श्रवण दिव्यांगता के स्तर को सहायक उपकरणों की सहायता से 40% के बेंचमार्क से नीचे तक लाया जाए जो नामित विशेष बोर्ड द्वारा यथा प्रमाणित होना चाहिए।

   इसके अतिरिक्त, व्यक्ति का स्पीच डिस्क्रिमिनेशन स्कोर 60% से अधिक होना चाहिए।

सीएचएस: बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों, जिन्हें सीएचएस के सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी के लिए उपयुक्त चिन्हित किया गया है, की श्रेणी (श्रेणियों) और उनके कार्यात्मक वर्गीकरण और शारीरिक अपेक्षाओं के लिए परिशिष्ट IV का सन्दर्भ लिया जाएगा।

आईआरएचएस :श्रवण दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों पर आईआरएमएस में एडीएमओ के पदों के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

3. **अन्य दिव्यांगताएं (ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगताएं, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगताएं और मानसिक रुग्णता):**

बौद्धिक दिव्यांगताएं:

i. ऑटिज्म - इस मानसिक बीमारी की उपस्थिति और विस्तार को स्थापित कर पाने की वस्तुनिष्ठ प्रक्रिया की कमी के कारण वर्तमान में अनुशंसित नहीं है।

ii. विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता: 40 प्रतिशत से अधिक अथवा इसके बराबर और 80 प्रतिशत से कम अथवा इसके बराबर दिव्यांगता वाले व्यक्ति पात्र होंगे। परंतु यह चयन, विशेषज्ञों के पैनल द्वारा रेमेडिएशन/ सहायक प्रौद्योगिकी/ सहायता/ अवसंरचनात्मक परिवर्तनों की सहायता से मूल्यांकित सीखने की क्षमता पर आधारित होगा। [वर्तमान में विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता की तीव्रता का आकलन करने के लिए मापने का कोई पैमाना नहीं है। अत: 40 प्रतिशत का कट ऑफ विवेकाधीन होगा और इसके लिए अधिक साक्ष्यों की जरूरत होगी।

मानसिक रुग्णता:

इस मानसिक बीमारी की उपस्थिति और विस्तार को स्थापित करने की वस्तुनिष्ठ प्रक्रिया की कमी के कारण वर्तमान में अनुशंसित नहीं है। तथापि, दिव्यांगता मूल्यांकन की बेहतर प्रक्रिया विकसित करने के पश्चात् आरक्षण/कोटा के लाभ पर भविष्य में विचार किया जा सकता है।

सीएचएस: बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों, जिन्हें सीएचएस के सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी के लिए उपयुक्त चिन्हित किया गया है, की श्रेणी (श्रेणियों) और उनके कार्यात्मक वर्गीकरण और शारीरिक अपेक्षाओं के लिए परिशिष्ट IV का सन्दर्भ लिया जाएगा।

ऑटिज्म और बौद्धिक दिव्यांगता:

आईआरएचएस: ऑटिज्म और बौद्धिक दिव्यांगता वाले उम्मीदवार आईआरएचएस में एडीएमओ के पद के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

विशेष नेत्र बोर्ड के लिए दिशा-निर्देश

नेत्र जांच के लिए विशेष नेत्र बोर्ड में तीन नेत्र विशेषज्ञ होंगे:

(क) ऐसे मामले जिनमें मेडिकल बोर्ड ने दृष्टि दोष को सामान्य निर्धारित सीमा के भीतर रिकॉर्ड किया है लेकिन ऐसे रोग की शंका जाहिर की है जिसके बढ़ने और जैविक (आर्गेनिक) स्वरूप का होने का अंदेशा है जिसके कारण नज़र को नुकसान हो सकता है, तो उन मामलों में उम्मीदवारों को प्रथम मेडिकल बोर्ड के भाग के रूप में विशेष नेत्र बोर्ड के पास भेजा जाना चाहिए।

(ख) नेत्रों की किसी प्रकार की सर्जरी के सभी मामले, आईओएल, रिफ्रेक्टिव कॉर्नियल सर्जरी, वर्ण दोष के संदेहास्पद मामले विशेष नेत्र बोर्ड को भेजे जाने चाहिए।

(ग) ऐसे मामले जिसमें उम्मीदवार हाई मायोपिया या हाई हाईपरमेट्रोपिया से ग्रस्त पाया जाता है, केंद्रीय स्थायी चिकित्सा बोर्ड/राज्य चिकित्सा बोर्ड तुरंत उम्मीदवार को अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक द्वारा गठित तीन नेत्र विशेषज्ञों के विशेष बोर्ड के पास भेजेगा। जिसका अध्यक्ष, अस्पताल के नेत्र विभाग का वरिष्ठतम नेत्र विशेषज्ञ होगा। नेत्र विशेषज्ञ/चिकित्सा अधिकारी जिसने प्राथमिक नेत्र जांच की हो, वह विशेष बोर्ड का सदस्य नहीं हो सकता।

विशेष बोर्ड द्वारा जांच अधिमानत: उसी दिन की जानी चाहिए। जब कभी केंद्रीय स्थायी चिकित्सा बोर्ड/राज्य चिकित्सा बोर्ड द्वारा उसी दिन तीन नेत्र विशेषज्ञों का विशेष बोर्ड आयोजित कर पाना संभव न हो, विशेष बोर्ड जल्द से जल्द संभव तारीख पर आयोजित किया जाए।

किसी निर्णय पर पहुंचने से पूर्व विशेष नेत्र बोर्ड विस्तृत जांच करेगा

ऐसे मामलों में मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट तब तक पूरी नहीं मानी जाएगी जब तक कि इसके साथ विशेष मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट न लगाई हो।

बॉर्डर लाइन वाले अनफिट मामलों की रिपोर्ट करने संबंधी दिशा-निर्देश

अवसामान्य दृष्टि तीक्ष्णता, असामान्य वर्णान्धता के बार्डरलाइन वाले मामलों में किसी व्यक्ति को अनफिट घोषित करने से पूर्व, 15 मिनट पश्चात दोबारा जांच की जाएगी।

4. ब्लड प्रेशर: ब्लड प्रेशर के संबंध में बोर्ड अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करेगा। सामान्य उच्चतम सिस्टॉलिक प्रेशर के आकलन की सामान्य विधि निम्नानुसार है:

(क) 15 से 25 वर्ष के युवा व्यक्तियों में औसत ब्लड प्रेशर लगभग 100 जमा आयु होता है।

(ख) 25 वर्ष से ऊपर आयु वाले व्यक्तियों के ब्लड प्रेशर का आकलन करने में 110 में आधी आयु जोड़ देने का तरीका बिल्कुल संतोषजनक प्रतीत होता है।

ध्यान दें: सामान्य नियम के रूप में 140 एम.एम. के ऊपर के सिस्टालिक प्रेशर और 90 एम.एम. से ऊपर डायस्टालिक प्रेशर को संदिग्ध मान लेना चाहिए और उम्मीदवार को फिट/अनफिट ठहराने के संबंध में अपनी अंतिम राय देने से पहले बोर्ड को चाहिए कि उम्मीदवार को अस्पताल में रखें। अस्पताल की रिपोर्ट से यह स्पष्ट होना चाहिए कि घबराहट (एक्साइटमेंट) आदि के कारण ब्लड प्रेशर वृद्धि थोड़े समय रहती है या उसका कारण कोई कायिक (आर्गनिक) बीमारी है। ऐसे सभी मामलों में हृदय का एक्सरे और इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफिक जांच और रक्त यूरिया निकास (क्लियरैंस) की जांच भी नेमी रूप से की जानी चाहिए। फिर भी उम्मीदवार के योग्य होने या न होने के बारे में अन्तिम निर्णय केवल मेडिकल बोर्ड ही करेगा।

ब्लड प्रेशर (रक्त दाब) लेने का तरीका:-

नियमानुसार पारे वाले दबावमापी (मर्करी मोनोमीटर) किस्म के उपकरण (इंस्ट्रूमेंट) का इस्तेमाल करना चाहिए। किसी किस्म के व्यायाम या घबराहट के बाद पन्द्रह मिनट तक रक्त दाब नहीं लेना चाहिए। रोगी चाहे बैठा हो या लेटा हो वह और विशेष रूप से उसकी भुजा शिथिल और आराम की अवस्था में होनी चाहिए। रोगी के पार्श्व पर भुजा को लगभग क्षैतिक स्थिति में आराम से सहारा दिया जाए। कन्धे से लेकर भुजा तक कपड़े उतार देने चाहिए। कफ में से पूरी तरह हवा निकाल कर बीच की रबड़ को भुजा के अन्दर की ओर रख कर इसके निचले किनारे को कोहनी के मोड़ से एक या दो इंच ऊपर करके लगाना चाहिए। इसके बाद कपड़े की पट्टी को फैला कर समान रूप से लपेटना चाहिए; ताकि हवा भरने पर कोई हिस्सा फूल कर बाहर न निकले।

कोहनी के मोड़ पर प्रकट धमनी (ब्रोंकियल आर्टरी) को दबाकर ढूंढा जाता है तब तक उसके ऊपर बीचों-बीच स्टेथस्कोप को हल्के से लगाया जाता है जो कफ के साथ न लगे। कफ में लगभग 200 एम.एम.एच. जी हवा भरी जाती है और इसके बाद इसमें से धीरे-धीरे हवा निकाली जाती है। हल्की क्रमिक ध्वनि सुनाई पड़ने पर जिस स्तर पर पारे का कालम टिका होता है, वह सिस्टॉलिक प्रैशर दर्शाता है। जब और हवा निकाली जाती है तो ध्वनियां तेज सुनाई पड़ती है। जिस स्तर पर ये साफ और अच्छी सुनाई पड़ने वाली ध्वनियां हल्की दबी हुई-सी लुप्त प्राय: हो जाएं, वह डायस्टालिक प्रेशर है। ब्लड प्रेशर यथाशीघ्र लेना चाहिए, क्योंकि कफ के लम्बे समय का दबाव रोगी के लिए असुविधाजनक होता है और इससे रीडिंग गलत हो जाती है। यदि दोबारा पड़ताल करना जरूरी हो तो कफ में से पूरी हवा निकालकर कुछ मिनट बाद ही ऐसा किया जाए। कभी-कभी कफ से हवा निकलने

पर एक निश्चित स्तर पर ध्वनियां सुनाई पड़ती हैं, दबाव गिरने पर ये गायब हो जाती हैं और निम्न स्तर पर पुन: प्रकट हो जाती हैं। इस साइलेंट गैप से रीडिंग में गलती हो सकती है।

5. परीक्षक की उपस्थिति में ही मूत्र परीक्षा की जानी चाहिए और परिणाम रिकॉर्ड किया जाना चाहिए। जब मेडिकल बोर्ड को किसी उम्मीदवार के मूत्र में रासायनिक जांच द्वारा शक्कर का पता चले तो बोर्ड इसके अन्य सभी पहलुओं की परीक्षा करेगा और मधुमेह (डायबिटीज) के द्योतक चिन्हों और लक्षणों को भी विशेष रूप से नोट करेगा। यदि बोर्ड उम्मीदवार को मूत्र शर्करा की उपस्थिति (ग्लाइकोसूरिया) के सिवाए, अपेक्षित मेडिकल फिटनेस के स्टैण्डर्ड के अनुरूप पाए तो वह उम्मीदवार को इस शर्त के साथ फिट घोषित कर सकता है। कि ग्लाइकोसूरिया अमधुमेही (नान-डायबिटिक) हो और बोर्ड मामले को किसी विनिर्दिष्ट चिकित्सा विशेषज्ञ के पास भेजेगा जिसके पास अस्पताल और प्रयोगशाला की सुविधाएं हों। चिकित्सा विशेषज्ञ मानक ब्लड शुगर टालरेंस टेस्ट समेत जो भी क्लिनिक या प्रयोगशाला परीक्षण आवश्यक समझेगा उन्हें करेगा और अपनी रिपोर्ट मेडिकल बोर्ड को भेज देगा जिस पर मेडिकल बोर्ड की "फिट" या "अनफिट" की अन्तिम राय आधारित होगी। दूसरे अवसर पर उम्मीदवार के लिए बोर्ड के सामने स्वयं उपस्थित होना जरूरी नहीं होगा। औषधि के प्रभाव को समाप्त करने के लिए यह जरूरी हो सकता है कि उम्मीदवार को कई दिनों तक अस्पताल में पूरी निगरानी में रखा जाए।

6. उन पदों पर नियुक्ति जिनके कोई विशेष प्रशिक्षण निर्धारित नहीं है :जिन पदों पर नियुक्ति के लिए कोई विशेष प्रशिक्षण निर्धारित नहीं है, उन पदों पर महिला उम्मीदवार यदि नियुक्ति से पहले चिकित्सा जांच के दौरान गर्भवती पाई जाती है तो उसे अस्थायी रूप में अयोग्य घोषित करना आवश्यक नहीं होगा अर्थात उसे सीधे सेवा में नियुक्त किया जा सकता है।

ऐसे पदों/सेवाओं के लिए, जिनमें पदभार ग्रहण करने से पूर्व प्रशिक्षण विनिर्धारित किया गया है और परीक्षण करने पर कोई महिला उम्मीदवार गर्भवती पाई जाती है, तो उसे अस्थायी रूप से तब तक अनफिट घोषित किया जाए जब तक उसकी प्रसूति की अवधि पूरी न हो जाए। प्रसूति की तारीख के छ :सप्ताह पश्चात फिटनेस हेतु उसका पुन :परीक्षण किया जाए, किंतु यह परीक्षण किसी पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टीशनर से प्राप्त फिटनेस प्रस्तुत करने के अध्ययीन होगा।

7. हृदय तथा फेफड़ों की किन्हीं ऐसी असामान्यताओं का पता लगाने, जिन्हें सामान्य शारीरिक परीक्षण के आधार पर नहीं देखा जा सकता है, के लिए छाती का रेडियोग्राफी परीक्षण केवल उन्हीं उम्मीदवारों का किया जाएगा जिन्हें सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा में अंतिम रूप से सफल घोषित किया गया है।

उम्मीदवार की फिटनेस के बारे में केन्द्रीय स्थायी चिकित्सा बोर्ड (संबंधित उम्मीदवार के चिकित्सा परीक्षण का संचालन करने वाला) के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा।

8. सरकारी सेवा के लिए उम्मीदवार के स्वास्थ्य के संबंध में जहां कहीं सन्देह हो चिकित्सा बोर्ड का अध्यक्ष उम्मीदवार के फिट या अनफिट होने के संबंध में निर्णय किए जाने के प्रश्न पर किसी उपयुक्त अस्पताल के विशेषज्ञ से परामर्श कर सकता है, यदि उसे किसी उम्मीदवार के मानसिक दोष अथवा ऐबरेशन से पीड़ित होने का सन्देह हो तो बोर्ड का अध्यक्ष अस्पताल में किसी मनोचिकित्सक/मनोविज्ञानी से परामर्श कर सकता है।

9. जब कोई दोष मिले तो उसे प्रमाणपत्र में अवश्य ही नोट किया जाये। मेडिकल परीक्षक को अपनी राय लिख देनी चाहिए कि इससे उम्मीदवार से अपेक्षित कार्यों के दक्षतापूर्ण निर्वहन में बाधा पड़ने की संभावना है या नहीं।

